UPHIN/2011/39718 (डिजिटल संस्करण) बुन्देलखण्ड का सबसे दबंग अखबार

# दैनिक यंग भारत

निष्पक्ष नज़र निर्भीक खबर

Digital Edition

यंग भारत तेज न्यूज

सहयोगी प्रकाशन/प्रसारण
दैनिक वास्तविक समाज वाद-लखनऊ
प्रमुख उर्दू दैनिक तामीरे नौ -लखनऊ



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक
7905027565
9415055318

वर्ष-14 अंक-232 कीर्ति शेष रामेश्वर दयाल श्रीवास्तव (लम्बरदार) की स्मृति में उरई (जालौन) मंगलवार 04 अगस्त 2026 youngbharatE-

## मुख्यमंत्री ने कहा-जिन्हें राम के नाम से परहेज आज वे राम की बात कर रहे, मंदिर निर्माण में एक पैसा न देने वाले न करें बात



संजय श्रीवास्तव
प्रधान सम्पादक



( यंग भारत न्यूज )

**लखनऊ :** उत्तर प्रदेश विधान मंडल के मानसून सत्र-2026 से पूर्व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सत्र हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण सत्र है. वैसे भी विधायिका आम जन की आवाज को शासन प्रशासन तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम होती है. गरीब, किसान, युवा और महिला इनसे जुड़े हुए मुद्दों पर चर्चा करने, समीक्षा करने और उसे परिणाम तक पहुंचाने का सबसे अच्छा प्लेटफॉर्म संसदीय प्रणाली में कोई है तो वह विधायिका होती है.

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आज वे लोग राम मंदिर पर बात करते हैं. जिन्होंने राम भक्तों पर गोलियां चलवाई. वे लोग राम मंदिर चढ़ावा चोरी की बात करते हैं. जिन्होंने मंदिर के निर्माण में एक पैसा भी नहीं चढ़ाया. ऐसे लोगों को राम मंदिर पर कुछ भी नहीं बोलना चाहिए.

सीएम योगी ने कहा कि हर जनप्रतिनिधि अपने-अपने क्षेत्र की समस्या को सदन में रख सकता है और सरकार से उसके समाधान का रास्ता निकलवा सकती है. इस प्लेटफॉर्म का बेहतर उपयोग हो, यह बीजेपी के नेतृत्व में चलने वाली एनडीए सरकार की सदैव से प्राथमिकता रही है. डबल इंजन की सरकार इसके लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य भी कर रही है. सदन के समय का बेहतर उपयोग हो और प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र से जुड़ी हुई आवाज को सदन के पटल पर रखने और सदन में उसपर चर्चा परिचर्चा कराने का एक अवसर प्राप्त हो सके. सीएम ने कहा, मैंने कल दलीय नेताओं की बैठक में भी और समय-समय पर भी सभी सदस्यों से इस बारे में आग्रह किया है. वर्तमान में यह महीना हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण होता है. खेती किसानी की दृष्टि से किसानों के लिए, स्कूल कॉलेज में एडमिशन की दृष्टि से छात्रों और युवाओं के लिए और अपनी धार्मिक यात्रा के लिए सावन के मास में

## यूपी की दलित राजनीति में क्या चल रहा मायावती या चंद्रशेखर, कौन किस पर भारी

( यंग भारत न्यूज )



**लखनऊ:** यूपी में 2027 चुनाव के लिए बिसात बिछनी शुरू हो गई है। बसपा और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) चुनावी समर में कूद गए हैं। दोनों सियासी दलों की नजर यूपी के दलित वोटरों पर हैं। मायावती सोशल मीडिया के जरिए एक्टिव होकर दलितों की आवाज बनने में जुटी हैं, तो संगठन को मजबूत करने के लिए कई कड़े कदम उठा रही हैं आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख और नगीना सांसद चंद्रशेखर आजाद सदन से लेकर सड़क तक दलितों के मुद्दों को उठाने में लगे हैं। चंद्रशेखर ने यूपी चुनाव के लिए पहली सूची जारी करते हुए 45 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की लिस्ट जारी कर दी। जिसमें 18 दलित, 16 ओबीसी , 10 मुस्लिम और 1 सिख चेहरे को मैदान में उतारा गया है। साफ है कि चंद्रशेखर यूपी में दलित वर्ग को साधने में जुट गया है। बसपा सुप्रीमो मायावती पिछले कुछ समय से एक्टिव होकर लगातार बड़े फैसले ले रही हैं। इनमें यूपी विधानसभा चुनाव से पहले संगठन में बड़ा फेरबदल करते हुए 6 राज्यों के कोऑर्डिनेटर अशोक सिद्धार्थ को पार्टी से निकाल दिया है। राष्ट्रीय संयोजक आकाश आनंद 10 अगस्त के बाद यूपी के कुछ जिलों में होने वाले कार्यकता सम्मेलनों में हिस्सा लेंगे। हालांकि उनके कद बढ़ने को लेकर मायावती सोशल मीडिया पर स्पष्ट कर चुकी हैं कि चुनाव प्रबंधन से लेकर टिकट वितरण तक के फैसले वो खुद ले रही हैं। मायावती इस बार यूपी चुनाव में किसी तरह का रिस्क नहीं लेना चाहती हैं। इसके साथ ही दलित समाज के मुद्दों और घटनाओं पर मायावती लगातार सक्रिय होकर सोशल मीडिया के जरिए अपना मजबूती से पक्ष भी रख रही हैं। हाल ही में भदोही जिले का नाम फिर से संत रविदास नगर रखने पर उन्होंने सरकार का स्वागत किया साथ ही कासगंज जिले का नाम 9 अगस्त से पहले कांशीराम नगर रखने की मांग की है। इसे दलित समाज को साधने से ही जोड़कर देखा जा रहा है। उधर आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के प्रमुख चंद्रशेखर आजाद ने यूपी चुनाव को देखते हुए उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की। 45 घोषित उम्मीदवारों में 18 अनुसूचित जाति,

## उरई मेडिकल कॉलेज में डॉक्टरों का संकट गहराया, संविदा न बढ़ने से कई विभागों की सेवाएं प्रभावित, मरीज परेशान

### संविदा अवधि समाप्त होने से ईएनटी, मेडिसिन, स्त्री एवं प्रसूति, चर्म रोग समेत कई विभागों में डॉक्टरों की कमी

- **सूत्रों के अनुसार संविदा नवीनीकरण में देरी से स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित, मरीजों को समय पर इलाज मिलने में कठिनाई**
- **ऑक्सीजन मास्क, सिरिंज, आईवी सेट, नॉर्मल सलाइन सहित कई आवश्यक चिकित्सा सामग्री की कमी के भी आरोप**
- **प्राचार्य हाई कोर्ट से अपने हटने का खतरा देखा संविदा के डॉक्टरों और कर्मचारियों से हैं मोटी रकम लेने के चक्कर मे**

(प्रधान सम्पादक)

( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई इन दिनों चिकित्सकों की कमी, आवश्यक चिकित्सा सामग्री के अभाव तथा प्रशासनिक विवादों को लेकर चर्चा में है। मेडिकल कॉलेज में संविदा पर कार्यरत कई विशेषज्ञ चिकित्सकों की संविदा अवधि समाप्त हो चुकी है, जबकि कुछ अन्य चिकित्सकों की संविदा आगामी दिनों में समाप्त होने वाली है। इससे अस्पताल की ओपीडी एवं विभिन्न विभागों की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होने लगी हैं और मरीजों को समय पर उपचार मिलने में परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

अस्पताल पहुंचे कई मरीजों एवं उनके परिजनों ने बताया कि जिन विभागों में पहले विशेषज्ञ चिकित्सक नियमित रूप से मरीजों को देख रहे थे, वहां अब डॉक्टर उपलब्ध नहीं मिल रहे हैं। मरीजों को या तो दूसरे दिन आने की सलाह दी जा रही है या फिर अन्य अस्पतालों के लिए रेफर किया जा रहा है। इससे दूरदराज के क्षेत्रों से आने वाले मरीजों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। सूत्रों के अनुसार जिन चिकित्सकों की संविदा अवधि समाप्त हुई है, उनमें डॉ. कुलदीप (मेडिसिन विभाग), डॉ. कपिल सिंह निरंजन (स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग), डॉ. मीनल गोयल (स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग), डॉ. किरण पाण्डेय (स्त्री एवं



प्रसूति रोग विभाग) तथा डॉ. राघवेंद्र प्रताप सिंह (चर्म रोग विभाग) डॉ रतीभान नाका कान विभाग शामिल हैं। इन चिकित्सकों की अनुपलब्धता का सीधा असर मरीजों के उपचार पर पड़ रहा है। सूत्रों का यह भी कहना है कि आगामी 7 अगस्त को डॉ. कामद दीक्षित (इमरजेंसी मेडिसिन), डॉ. सूर्य कुमार (नेत्र रोग विभाग) तथा डॉ. प्रवीण सचान (मनोरोग विभाग) की संविदा अवधि भी समाप्त होने वाली है। यदि समय रहते इनकी संविदा का नवीनीकरण नहीं हुआ तो मेडिकल कॉलेज में विशेषज्ञ चिकित्सकों का संकट और गहरा सकता है। मेडिकल कॉलेज के जानकारों का कहना है कि वर्तमान समय में जूनियर डॉक्टरों की भी कमी बनी हुई है। ऐसे में अधिकांश मरीजों का उपचार केवल पीजी जूनियर रेजिडेंट चिकित्सकों के भरोसे चल रहा है, जिससे विशेषज्ञ परामर्श प्रभावित हो रहा है। इसी बीच मेडिकल कॉलेज के प्रशासन को लेकर भी असमंजस की स्थिति बताई जा रही है। पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी और वर्तमान प्रधानाचार्य डॉ. महेंद्र से जुड़े प्रशासनिक विवाद का मामला न्यायालय में विचाराधीन बताया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार वित्तीय एवं प्रशासनिक अधिकारों को लेकर भी स्थिति पूरी तरह स्पष्ट नहीं होने से कई आवश्यक निर्णय समय पर नहीं हो पा रहे हैं। हालांकि इसका आधिकारिक पक्ष सामने आना अभी बाकी है। मेडिकल कॉलेज के कुछ कर्मचारियों एवं सूत्रों का आरोप है कि संविदा चिकित्सकों की अवधि बढ़ाने के नाम पर धनराशि की मांग की जा रही है। यहां तक कि कुछ सूत्रों ने प्रति चिकित्सक लगभग दो लाख रुपये तक की कथित मांग किए जाने का दावा किया है। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और न ही इस संबंध में मेडिकल कॉलेज प्रशासन का आधिकारिक बयान सामने आया है। यदि ऐसे आरोपों में सच्चाई है तो यह अत्यंत गंभीर मामला माना जाएगा और इसकी निष्पक्ष जांच आवश्यक होगी। सूत्रों का यह भी कहना है कि पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. अरविंद त्रिवेदी के कार्यकाल में संविदा चिकित्सकों का नवीनीकरण बिना किसी लेन-देन के समय पर किया जाता था, जिससे अस्पताल की सेवाएं सुचारु रूप से चलती थीं। वहीं वर्तमान व्यवस्था को लेकर लगातार असंतोष व्यक्त किया जा रहा है। हालांकि दोनों कार्यकालों की तुलना से जुड़े इन दावों की भी स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है। केवल चिकित्सकों की कमी ही नहीं, बल्कि अस्पताल में आवश्यक दवाओं एवं चिकित्सा सामग्री के अभाव के भी आरोप लगाए जा रहे हैं। कर्मचारियों के अनुसार सामान्य उपचार में प्रयुक्त होने वाली कई आवश्यक दवाएं पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध नहीं हैं। कुछ दवाएं मरीजों के परिजनों को जन औषधि केंद्र या निजी मेडिकल स्टोर से खरीदकर लानी पड़ रही हैं। इसके अलावा ऑक्सीजन मास्क, नेबुलाइजर मास्क, सिरिंज, आईवी सेट, नॉर्मल सलाइन, एनेस्थीसिया दवाएं, डाइनाप्लास्ट, गॉज, फोली कैथेटर, इंसुलिन, वीगो टेप तथा ऑपरेशन उपकरणों की सफाई में प्रयुक्त होने वाला साइडेक्स सॉल्यूशन जैसी आवश्यक सामग्री की कमी होने के भी आरोप लगाए गए हैं। अस्पताल की सफाई व्यवस्था में उपयोग होने वाले फिनाइल, एसिड एवं हार्पिक जैसी सामग्री की उपलब्धता को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। यदि अस्पताल में इन आवश्यक सामग्रियों की वास्तव में कमी है तो इसका सीधा असर मरीजों के उपचार, ऑपरेशन तथा संक्रमण नियंत्रण पर पड़ सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि मेडिकल कॉलेज जैसे बड़े संस्थान में

- **उधर हाई कोर्ट भय से हिचक रहे हैं संविदा के डॉक्टर और कर्मचारी रकम देने में**
- **इस कारण हो रही है मरीजो की दुर्गति**

आवश्यक दवाओं एवं उपकरणों की नियमित उपलब्धता अत्यंत आवश्यक होती है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जालौन सहित आसपास के कई जिलों से प्रतिदिन बड़ी संख्या में मरीज राजकीय मेडिकल कॉलेज उरई उपचार के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में डॉक्टरों की कमी, प्रशासनिक विवाद और संसाधनों के अभाव का सबसे अधिक नुकसान गरीब मरीजों को उठाना पड़ रहा है। अब जरूरत इस बात की है कि शासन स्तर पर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाए, संविदा चिकित्सकों के नवीनीकरण की प्रक्रिया समय पर पूरी की जाए तथा अस्पताल में आवश्यक दवाओं और चिकित्सा सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए। साथ ही, यदि रिश्वत या अनियमितता से जुड़े आरोपों में कोई सच्चाई है तो जिम्मेदार लोगों के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाए।

## अपराध उत्प्रेरक चरित्र के कोतवाल और एसएसआई की जोड़ी ने कालपी वासियों की कमर तोड़ी

### दोनो हैं विभाग के महारथी, अंधाधुंध कमाते हैं पैसा

- **शरीफ लोगो से नही दलालों और अपराधियों से करते हैं यारी**
- **हर किस्म के जरायम का जोर है क्षेत्र में, वसूली के अलावा पुलिस नही कर पा रही है जनता की रक्षा**
- **अनेको चोरियां और चैन स्नैचिंग जैसे अपराधों से सहमी है कालपी क्षेत्र की जनता**

( यंग भारत न्यूज )

**कालपी।** नगर एवं आसपास के क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से आमजन में भय और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कोतवाली क्षेत्र में अपराध लगातार बढ़ रहे हैं, लेकिन पुलिस प्रभावी कार्रवाई करने में विफल साबित हो रही है। लोगों का कहना है कि चोरी, वाहन चोरी और लूट जैसी घटनाओं का खुलासा नहीं होने से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

नगरवासियों के बीच चर्चा है कि प्रभारी निरीक्षक और एसएसआई की कार्यप्रणाली को लेकर लगातार सवाल उठ रहे हैं। कुछ लोगों ने आरोप लगाया कि पुलिस का पूरा ध्यान अपराध नियंत्रण की बजाय अन्य गतिविधियों पर है, जिसके कारण चोर बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। हालांकि इन आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हो सकी है और पुलिस की ओर से इस संबंध में कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इसी बीच रविवार रात नगर के मोहल्ला रामगंज में एक बड़ी चोरी की घटना सामने आई। चोरों ने एक मकान को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की नकदी और सोने-चांदी के जेवरात पार कर दिए। घटना के समय परिवार के





सभी सदस्य घर के अंदर सो रहे थे और उन्हें वारदात की भनक तक नहीं लगी। पीड़ित सरमान सिंह ने बताया कि रात लगभग 11:15 बजे तक परिवार के सभी सदस्य जाग रहे थे। देर रात उनकी पत्नी की नींद खुली तो घर के दरवाजे खुले मिले। जब कमरों की जांच की गई तो अलमारी और बक्सों का सामान बिखरा पड़ा था। आशंका है कि चोर बाउंड्री फांदकर घर में दाखिल हुए और चाबियों से अलमारी व बक्से खोलकर चोरी की घटना को अंजाम दिया। पीड़ित के अनुसार चोर करीब ढाई लाख रुपये की नकदी, बेटे की शादी के लिए बनवाए गए लगभग 10 से 12 लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात, एक मोबाइल फोन तथा घर में रखी रेजगारी तक ले गए। परिवार के अनुसार घर में केवल 300 रुपये ही बचे। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में दहशत फैल गई और बड़ी संख्या में लोग मौके पर पहुंच गए। सूचना मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजय ब्रह्म तिवारी तथा क्षेत्राधिकारी राजेश कमल घटनास्थल पर पहुंचे और मौका मुआयना किया। पुलिस ने फोरेंसिक एवं अन्य साक्ष्य जुटाने के साथ आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। नगरवासियों का कहना है कि पिछले कुछ समय में मोटरसाइकिल चोरी सहित

- **रामगंज में सोते रहे परिजन, चोर नकदी, जेवरात, मोबाइल और रेजगारी तक समेट ले गए**
- **सीओ राजेश कमल ने किया घटनास्थल का निरीक्षण, पुलिस ने जांच शुरू की**

कई आपराधिक घटनाएं सामने आई हैं, लेकिन अधिकांश मामलों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। लोगों का मानना है कि यदि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो क्षेत्र में असुरक्षा की भावना और बढ़ेगी। फिलहाल पुलिस चोरी के मामले की जांच में जुटी है। अब निगाहें क्षेत्राधिकारी राजेश कमल की निगरानी में चल रही जांच पर टिकी हैं कि पुलिस इस बड़ी चोरी का खुलासा कितनी शीघ्र कर पाती है।

- **कोतवाली के आका सो रहे पैर पसार कर**
- **अब बीती रात कालपी के रामगंज से हो गई 12 लाख की चोरी**
- **अभी तक किसी भी चुनौती पूर्ण अपराध के न आरोपी पकड़े गए न ही हो सकी कोई बरामदगी**
- **अवैध खनन का माल खा कर जंग लग गई मानो कालपी पुलिस में**

# पशुबाड़े में नीम के पेड़ से लटका मिला युवक का शव, मामले ने पकड़ा तूल





**-परिजनो ने शव को सड़क पर रखकर लगाया जाम**

**- परिजन लगा रहे हैं हत्या का आरोप, उनकी तहरीर पर हुई एफआईआर, तन सीओ और कोतवाल के काफी समझाने के बाद खुल सका जाम**

**-सीओ सहित सर्किल का पुलिस बल रहा मौजूद**

**( यंग भारत न्यूज )**

**कोंच** सर्किल के नदीगांव थाना क्षेत्र के ग्राम कनासी में शनिवार की रात एक युवक का शव घर के पास बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ से फंदे पर लटका मिलने के बाद इस मामले ने तूल पकड़ लिया है। पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही दिनेश का शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों का गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने कोंच-नदीगांव रोड पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया और आरोपियों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज करने की मांग पर अड़ गए। सूचना पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंच गए। घंटों लगे रहे जाम को मुकदमा दर्ज होने के बाद ही हटाया जा सका।बता दें कि कनासी निवासी दिनेश उर्फ ईलू उम्र 32 वर्ष का शव उसके घर के पास बने पशुबाड़े में नीम के पेड़ पर साड़ी के फंदे से लटका मिला। सूचना पर नदीगांव थानाध्यक्ष राजकुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। फॉरेंसिक टीम ने भी मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। शाम को पोस्टमार्टम के बाद जैसे ही शव गांव पहुंचा, परिजनों और ग्रामीणों ने नदीगांव रोड पर शव रखकर जाम लगा दिया। परिजनों का कहना था कि जब तक आरोपियों के खिलाफ हत्या की कार्रवाई नहीं की जाती, तब तक जाम नहीं खोला जाएगा। जाम की सूचना पर सीओ परमेश्वर प्रसाद मौके पर पहुंचे, सर्किल के अन्य थानों की पुलिस फोर्स भी बुला ली गई थी। काफी देर तक पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वे आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज किए जाने की मांग पर अड़े रहे। देर रात नदीगांव पुलिस ने जब एफआईआर दर्ज की तब कहीं जाकर जाम खुल सका।

गौरतलब है कि परिजनों और ग्रामीणों के अनुसार, दिनेश अपने मित्र रमेश निवासी ग्राम धनौरा के साथ दिल्ली में काम करता था। बताया गया कि 25 जुलाई को दिल्ली में शराब पार्टी के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसके बाद रमेश ने आत्महत्या कर ली थी। रमेश के परिजनों ने दिनेश पर आरोप लगाए थे कि उसकी वजह से रमेश ने यह कदम उठाया। बताया गया कि रमेश के अंतिम संस्कार के बाद धनौरा गांव में पंचायत हुई, जिसमें दिनेश से चार लाख रुपये देने की बात कही गई थी। इसके बाद रविवार को गांव में ग्राम प्रधान के घर दोबारा पंचायत लगाई गई, जिसमें दिनेश के परिजनों ने पैसे देने से मना कर दिया तो पंचायत कर्ताओं ने आपा खो दिया और जमकर मारपीट की। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया कि पंचायत के बाद युवक गुस्से में घर से निकल गया था। घटना के बाद परिजनों ने जिला पंचायत सदस्य सहित कुछ लोगों पर प्रताड़ित करने और हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी जिसमें कहा गया कि एक जिला पंचायत सदस्य और कुछ अन्य लोग लगातार उस पर चार लाख रुपये देने का दबाव बना रहे थे। उन्होंने आरोप लगाया कि रुपये न देने पर उसकी हत्या कर शव को फंदे पर लटका दिया गया। परिजनों ने मामले की निष्पक्ष जांच और आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

क्या कहा सीओ ने

क्षेत्राधिकारी परमेश्वर प्रसाद ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले में आगे की जांच की जा रही है, जांच में सामने आए तथ्यों के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

परिजनो का आरोप

परिजनों के अनुसार, शनिवार को गांव के प्रधान के घर पर बुलाई गई पंचायत में चार लाख रुपये देने से इंकार करने के बाद विवाद बढ़ गया। आरोप है कि पंचायत में मौजूद लोगों ने दिनेश के साथ गाली-गलौज की, उसे पकड़कर मारपीट की और जबरन चार पहिया वाहन में डालने का प्रयास किया। परिजनों ने हस्तक्षेप कर दिनेश को छुड़ाया तो आरोपितों ने उसके रिश्तेदारों और अन्य परिजनों के साथ भी मारपीट कर दी। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बना रहा। परिजनों का आरोप है कि ग्राम प्रधान पान कुंवर के पति दीने के घर पर पंचायत बुलाई गई थी। पंचायत में प्रधान पति दीने, जिला पंचायत सदस्य संजू, अटरिया निवासी करन,धनपाल निवासी चन्दुर्रा राजेश निवासी धनौरा सहित दोनों पक्षों के करीब

# बीएसए के औचक निरीक्षण में खुली स्कूलों की पोल

## दिदौरा, नैगुवां और सुनवाहा के विद्यालयों में मिलीं खामियां, मांगा स्पष्टीकरण

**ललितपुर।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रत्नेश कुमार ने सोमवार को विकासखंड बार और महरौनी क्षेत्र के परिषदीय विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कई विद्यालयों में शिक्षकों की अनुपस्थिति, विद्यालय बंद मिलना, साफ-सफाई की खराब स्थिति, एमडीएम व्यवस्था में लापरवाही और कंपोजिट ग्रांट के उपयोग में अनियमितताएं सामने आईं। बीएसए ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुपस्थित शिक्षकों व शिक्षामित्रों का वेतन एवं मानदेय रोकने तथा संबंधित विद्यालय प्रभारियों से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण तलब करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान सुबह करीब 8.40 बजे यू.प्रा.वि. दिदौरा (बार) विद्यालय बंद मिला। मौके पर कक्षा छह के छात्र अजय और देवराज चाबी लेकर पहुंचे और अधिकारियों की मौजूदगी में विद्यालय का ताला खोला। विद्यालय में रंगाई-पुताई की स्थिति खराब मिली। कंपोजिट ग्रांट से कोई कार्य नहीं कराया गया था। हैंडवाश निष्क्रिय पाए गए तथा शौचालयों में गंदगी मिली। बीएसए ने प्रभारी प्रधानाध्यापक महेश सोनी से एक सप्ताह में स्पष्टीकरण मांगा है। वहीं अनुपस्थित अनुदेशक बसंत एवं हरिप्रकाश का मानदेय रोकने के निर्देश दिए गए। खंड शिक्षा अधिकारी बार को तीन दिन में विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा गया है। इसके बाद प्राथमिक विद्यालय दिदौरा (बार) का निरीक्षण किया गया। यहां 60 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 25 छात्र उपस्थित मिले। शिक्षामित्र सुरेंद्र सिंह और उर्मिला देवी बिना सूचना अनुपस्थित पाए गए। निरीक्षण में सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी की छुट्टी का ऑनलाइन रिफरेंस नंबर दर्ज नहीं मिला। विद्यालय में रंगाई-पुताई नहीं कराई गई थी और परिसर में गंदगी मिली। इस पर प्रभारी प्रधानाध्यापक संदीप कुमार खरे से स्पष्टीकरण मांगा गया। सहायक अध्यापिका नेहा कुमारी का वेतन अवरुद्ध करने और अनुपस्थित शिक्षामित्रों का मानदेय काटने की कार्रवाई की गई। महरौनी विकासखंड के यू.प्रा.वि. नैगुवां में निरीक्षण के दौरान एमडीएम व्यवस्था में गंभीर लापरवाही सामने आई। रसोइयों ने बताया कि विद्यालय में कभी गैस पर भोजन नहीं बनाया गया, बल्कि हमेशा चूल्हे पर ही खाना तैयार किया जाता है। बीएसए ने इसे गंभीर वित्तीय अनियमितता मानते हुए जांच के निर्देश दिए। विद्यालय में 181 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 109 छात्र उपस्थित मिले। शौचालयों के दरवाजे क्षतिग्रस्त पाए गए। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र भागीरथ का मानदेय रोक दिया गया। वहीं प्रभारी प्रधानाध्यापक अशोक कुमार तिवारी से एक सप्ताह में जवाब मांगा गया है। विकासखंड बार के प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 148 नामांकित बच्चों के सापेक्ष 80 छात्र उपस्थित मिले। विद्यालय में रंगाई-पुताई का कार्य गुणवत्ताविहीन पाया गया और परिसर में बड़ी-बड़ी झाड़ियां उगी मिलीं। बिना सूचना अनुपस्थित शिक्षामित्र मेहरवान सिंह का मानदेय काटने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक अक्षय मिश्रा से स्पष्टीकरण मांगने के निर्देश दिए गए। वहीं उच्च प्राथमिक विद्यालय सुनवाहा में 83 नामांकित बच्चों के सापेक्ष मात्र 10 बच्चे उपस्थित मिले। परिसर में गंदगी और घास मिलने पर सफाई कराने के निर्देश दिए गए। अनुपस्थित अनुदेशक सुनील प्रकाश त्रिपाठी और बलराम कुशवाहा का मानदेय रोकने तथा प्रभारी प्रधानाध्यापक शिवप्रकाश से जवाब-तलब किया गया। बीएसए रत्नेश कुमार ने कहा कि विद्यालयों में शिक्षा व्यवस्था, स्वच्छता और शासन की योजनाओं के संचालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण लगातार जारी रहेगा और लापरवाही मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

# नपाध्यक्ष ने किया सीसी सडक़ व नाली निर्माण का लोकार्पण

**ललितपुर।** नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सोनाली जैन ने सोमवार को नगर के वार्ड संख्या-09 सिविल लाइन एवं चांदमारी क्षेत्र में चल रहे विकास कार्यों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने दो नव निर्मित सीसी सडक़ एवं नाली निर्माण कार्यों का विधि-विधान के साथ लोकार्पण किया तथा निर्माणाधीन कार्यों की गुणवत्ता परखते हुए अधिकारियों और ठेकेदार को गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता न करने के सख्त निर्देश दिए। नपाध्यक्ष ने सबसे पहले चौबे आटा चक्की से श्रीधर मामा की ओर तथा वीरेन्द्र पुरोहित, मुकेश दीक्षित एवं आलोक किराना स्टोर के पास निर्मित सीसी सडक़ एवं नाली का लोकार्पण किया। इसके बाद आईटीआई के सामने रामदेवी के मकान से संज्ञा कम्प्यूटर तक बनाई गई सीसी सडक़ एवं नाली निर्माण कार्य का भी शुभारंभ किया। इस अवसर पर स्थानीय लोगों ने विकास कार्यों पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए पालिका अध्यक्ष का पुष्पमालाओं से स्वागत किया। लोकार्पण के बाद अध्यक्ष ने चांदमारी क्षेत्र में बसंत नामदेव के मकान से पहाड़ सिंह के मकान होते हुए घनश्याम सेन के मकान तक निर्माणाधीन सीसी सडक़ एवं नाली कार्य का औचक निरीक्षण किया। इसके बाद नगर पालिका परिषद कार्यालय का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न शाखाओं में चल रहे कार्यों की समीक्षा की तथा कर्मचारियों की उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया।

# सरकार की योजनाओं को पात्र लाभार्थियों उपलब्ध कराया जाएगा -राम अचल कुरील

**( यंग भारत न्यूज )**




**कालपी जालौन 3 अगस्त।** नवागंतुक अधिशासी अधिकारी ने कहां कि पालिका अध्यक्ष एवं सभासदों सहयोग से पालिका अधूरे कार्यों को पूरा कराया जाएगा पालिका से संबंधित समस्या को आड़े नहीं आने दूंगा मंगलवार के दिन समय लगभग 3बजे उरई ईओ ने नगर पालिका परिषदकालपी कार्यालय में आकर नवागंतुक अधिशासी अधिकारी राम अचल कुरील अतिरिक्त पदभार ग्रहण करते हुए एक भेंट में पत्रकार को अवगत कराया कि जनपद बाराबंकी का मूल निवासी हूं वर्ब 2001 निकाय विभाग में तैनाती होकर जनता की सेवा करने का अवसर प्राप्त हुआ था उन्होंने बताया कि जनपद चित्रकूट जनपद प्रतापगढ़ जनपद कानपुर देहात पुखरायां आदि जगहों में तैनात होकर जनता की सेवा में सदैव अग्रसर रहा हूं वर्ष 2024 में शासन के द्वारानगर पालिका उरई तैनाती हुई थी तभी से मैं उक्त पालिका में एवं कदौरा नगर पंचायत आदि जगहों में रहकर जनता की सेवा की है फिर हमारे डीएम राजेश कुमार पांडे ने जिस उम्मीद तहत पालिका कालपी में तैनाती की है उसी उम्मीद तहत जनता की सेवा करने में सदैव खरा उतारूंगा उन्होंने कहा कि अध्यक्ष एवं सभासदों सहयोग से नगर को सजाने में मेरी पहली प्राथमिकता रहेगी वही आए हुए सभासदों ने नवागंतुक ईओ से परिचय दे भेट की तथा पालिका प्रधान लेखाकार हरिभूषण सिंह ने अभिलेख पर हस्ताक्षर बनवाकर पदभार ग्रहण करवाया मौके में आर आई अजीत सिंह यादव लिपिक शिशुपाल सिंह उर्फ़ पप्पी यादव लिपिक सरफराज खान उर्फ बाबा लिपिक रमेश कुमार यादव प्रांशु द्विवेदी इरफान मंसूरी शिवकुमार यादव आदि लोगों ने ईओसे भेंट कर स्वागत किया तथा पालिका से संबंधित सभी पटलो के बारे में बिस्तित चर्चा कर जानकारी दी फोटो नवागंतुक ईओ पदभार ग्रहण करते हुए।

# एसपी ने न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था परखी

**-पुलिसकर्मियों को मुस्तैदी से ड्यूटी करने के निर्देश**

**ललितपुर।** जिला एवं सत्र न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार बाजपेई ने सोमवार को न्यायालय परिसर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने न्यायालय परिसर के प्रवेश द्वार पर पहुंचकर डोर फ्रेम मेटल डिटेक्टर और बैग स्कैनर की कार्यप्रणाली का निरीक्षण किया। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को निर्देशित किया कि न्यायालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक व्यक्ति और सामान की नियमानुसार गहन जांच सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सदर हवालात का भी निरीक्षण किया। पुलिस अधीक्षक ने जेल से न्यायालय आने-जाने वाले बंदियों के लिए उपयोग किए जाने वाले बंदी वाहन तथा उसमें तैनात पुलिस बल की ड्यूटी का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि बंदियों के आवागमन के दौरान सुरक्षा संबंधी सभी निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया जाए, जिससे किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को रोका जा सके। इसके बाद एसपी ने न्यायालय परिसर स्थित सीसीटीवी कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। इस दौरान परिसर में लगे सभी सीसीटीवी कैमरे क्रियाशील पाए गए। एसपी संजीव कुमार बाजपेई ने न्यायालय परिसर में तैनात पुलिस बल को निर्देशित किया कि सभी कर्मचारी अपने निर्धारित ड्यूटी प्वाइंट पर पूरी सतर्कता के साथ तैनात रहें। उन्होंने अधिवक्ताओं, वादकारियों एवं न्यायालय आने वाले अन्य लोगों के साथ शालीन और संवेदनशील व्यवहार करने तथा सुरक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी निर्देशों का कड़ाई से पालन करने को कहा। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं न्यायालय सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

# प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद गुटका का कारोबार थमने का नहीं ले रहा है नाम

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** तंबाकू युक्त गुटका एवं पान मसाला को प्रतिबंधित किए जाने के बावजूद गुटका का कारोबार थमने का नाम नहीं ले रहा है। नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में धड़ल्ले से तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री जारी है। गुटका खाना और दूसरों को खिलाना अब फैशन बन गया है।

प्रतिबंधित तंबाकू युक्त पान मसाला व गुटका का कारोबार नगर में धड़ल्ले से चल रहा है। गुटके के इस कारोबार में बड़े थोक विक्रेता भी शामिल हैं। अधिकांश छोटे-बड़े किराना दुकान व पान की दुकानों पर आसानी से लोगों को तंबाकू युक्त गुटखा उपलब्ध है। पान की दुकानों में भी गुटखे की लड़ियां सजा के रखी जाती है। वहीं दूसरी ओर लोगों के स्वास्थ्य पर भी इसका दुष्प्रभाव पड़ रहा है। सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार गुटखा एवं पान मसाला के निर्माण, भंडारण, वितरण, प्रदर्शन, खरीद-बिक्री और परिवहन पर 10 जून 2019 से ही प्रतिबंध घोषित है। हालांकि खुलेआम हो रही बिक्री को रोकने के लिए नगर में अभियान नहीं चलाया गया। जिसके कारण इस धंधे में लिप्त अवैध कारोबारियों के इरादे बुलंद है। नाम नहीं छापने की शर्त पर एक व्यवसायी ने बताया कि गुटखे की बिक्री प्रतिबंधित है। लेकिन क्षेत्र में तंबाकू मिश्रित गुटके की बिक्री धड़ल्ले से की जा रही है। मुनाफाखोर अपनी जेब भरने के लिए सर्वोच्च न्यायालय के आदेश को ठेंगा दिखा रहे हैं। नगर व ग्रामीण क्षेत्रों में मोहित, कुंदन, जोश, गणेश, ताजा, गौरी आदि तंबाकू युक्त पान मसालों की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। जब इस संदर्भ में एसडीएम राकेश कुमार सोनी ने बताया कि यदि शिकायत मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खाद्य सुरक्षा अधिकारी को बुलाकर दुकानों की चेकिंग कराई जाएगी। यदि दुकानों पर तंबाकू मिश्रित गुटका मिलता है तो कार्रवाई की जाएगी।

# आमने सामने बाईक टकराई, बाल बाल बचे सवार

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई** उरई मार्ग पर अकोढ़ी दुबे स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के सामने रविवार को देर रात एक सड़क हादसा हो गया। अज्ञात बाइक सवार के कट मारने से एक बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर पर चढ़ गई। गनीमत रही कि हादसे में बाइक चालक की जान बच गई।

रविवार को देर रात कुकरगांव निवासी लालू बाइक से जालौन से अपने गांव लौट रहे थे। तभी पीछे से आए एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में कट मार दिया। अचानक कट लगने से लालू का बाइक पर से नियंत्रण छूट गया और बाइक सीधे सड़क के बीच बने डिवाइडर पर चढ़ गई। दुर्घटना को अंजाम देने के बाद अज्ञात बाइक सवार मौके से भाग निकला।हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। क्षेत्रवासियों का कहना है कि जालौन-उरई मार्ग पर तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। लोगों ने पुलिस प्रशासन से ऐसे बाइक चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सड़क दुर्घटना में युवक एवं अधेड़ व्यक्ति घायल

**( यंग भारत न्यूज )**

**कालपी जालौन 3 अगस्त।** 18 वर्षीय कुलदीप पुत्र पवन कुमार निवासी रामपुर 48 वर्षीय दौलत राम पुत्र छोटेलाल निवासी तरी बुल्दा समेत दोनों लोग सड़क दुर्घटना में घायल हुए घटना की सूचना पाकर पहुंची एंबुलेंस के कर्मियों ने अलग-अलग जगह सड़क पर पड़े घायलों को उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी में इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक चक्र ने घायल मरीजों की अलग-अलग समय में जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पर प्राथमिकी उपचार कर अंधेडव्यक्ति दौलत को जिला अस्पताल रिफर किया तथा युवक घायल को स्वास्थ्य टीम लगाकर इलाज शुरू किया।

# विषाक्त पदार्थ खाकर महिला अचेत

**( यंग भारत न्यूज )**

**कालपी जालौन 3 अगस्त।** 25 वर्षीय रिचा पत्नी दिनेश निवासी जनपद कानपुर देहात थाना भोगनीपुर ग्राम दौलतपुर सोमवार की रात परिवार कलह चलते अचानक घर पर रखा हुआ जहरीला पदार्थ खाकर हालत बिगड़ी मौजूद परिजनों ने महिला को बिगड़ी हुई हालत में उठाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालपी इलाज हेतु भर्ती कराया अस्पताल में मौजूद चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर अशोक चक्र ने महिला मरीज की जांच की जांच दौरान गंभीर स्थिति पाए जाने पर प्राथमिकी उपचार कर जिला अस्पताल उरई रिफर किया।

# शहजाद नदी पुल के अप्रोच रोड में बदलाव की मांग

**ललितपुर।** शहजाद नदी पर निर्माणाधीन पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करने तथा ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोरजी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सर्विस रोड के बजाय सीधे अप्रोच रोड से जोडऩे की मांग को लेकर सोमवार को कुशवाहा समाज ललितपुर के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन के माध्यम से जिलाधिकारी से मांग की गई कि शहजाद नदी पर बन रहे पुल के अप्रोच रोड की लंबाई कम करते हुए ललितेश्वरी माता मंदिर एवं कौशल किशोर जी मंदिर (कुश-कुटी) के मार्गों को सीधे अप्रोच रोड से जोड़ा जाए, ताकि श्रद्धालुओं को सुगम आवागमन की सुविधा मिल सके और नगर की धार्मिक आस्था एवं सांस्कृतिक परंपराओं का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। ज्ञापन सौंपने वालों में कुशवाहा समाज जिलाध्यक्ष प्रकाश कुशवाहा, नगराध्यक्ष रमेश कुशवाहा, जिला मीडिया प्रभारी एवं पत्रकार राहुल कुशवाहा, पंचायत मंडल जिलाध्यक्ष राजेंद्र कुशवाहा (राजू मुखिया), पंचायत मंडल नगराध्यक्ष कल्ली कुशवाहा, गणेश कुशवाहा, भजनलाल कुशवाहा, वंदना मेहता, अभिलाषा कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, संतोष कुशवाहा, शंकरलाल कुशवाहा, सुजान कुशवाहा, विष्णु कुशवाहा, परसादी कुशवाहा, कन्हैयालाल कुशवाहा, गोरेलाल माते, अजय कुशवाहा, धर्मेंद्र, चंदन, देवेंद्र, श्याम, हरप्रसाद, आशाराम, जगभान कुशवाहा (पूर्व पार्षद), सुरेश, देवेंद्र कुमार, परमानंद, किशन माते, जानकी प्रसाद, वीरेंद्र, रघुवीर, द्वारिका एड., प्रमोद कुशवाहा, दस्सू माते, सरमन माते, खेमचंद, दीपचंद कुशवाहा (प्रधान) सहित समाज के अनेक पदाधिकारी एवं सदस्य मौजूद रहे।

# सोमवार को श्रद्धालुओं ने बनाये 21 लाख शिवलिंग

**ललितपुर।** श्री सिद्धपीठ चंडी मंदिर धाम पर चल रहें सवा पांच करोड़ पार्थिव शिवलिंग निर्माण व श्रीरूद्रमहायज्ञ आयोजन में प्रथम सावन सोमवार को श्रद्धालुओं ने 21 लाख पार्थिव शिवलिंग निर्माण किया। वहीं प्रात: कालीन बेला में श्रीरूद्रमहायज्ञ में पीठ पूजन किया गया।पूजन प्रधान यजमान हरिशंकर साहू सहित अन्य यजमानों द्वारा किया गया। अपराह्न में पार्थिव शिवलिंग का पूजन व महारूद्राभिषेक यज्ञाचार्य पं पवन शास्त्री ने कराया। पार्थिव शिवलिंग का पूजन मुख्य यजमान राजकुमारी हरिशंकर साहू, डॉ रानी श्रीवास्तव, डॉ अनूप श्रीवास्तव ने किया। तत्पश्चात श्रद्धालुओं को कथा श्रवण कराते हुए चंडीपीठाधीश्वराचार्य महामण्डलेश्वर स्वामी चन्द्रेश्वर गिरि महाराज ने कहाकि जो मनुष्य नित्य प्रतिदिन गीता का अनुश्रवण करता हैं। उसे कोई भी विकार छू नही सकता। लौकिक मंत्र-तंत्र का उपदेश देने वाले तो कई गुरु होते हैं लेकिन जो शिष्य को सद्वस्तु का ज्ञान देते हैं, वे ही सच्चे सदगुरु होते हैं द्यकाया और माया से जो हमें मुक्त करा दे, इस विनाशी शरीर से जो हमें अविनाशी का बोध करा दे, बिंदु से जो हमें सिंधु बना दे और जिनका ध्यान करने से मृत्यु की भी मृत्यु हो जाये, उस तत्व को गुरुतत्व कहते हैं। भागवत इन्हीं तत्वों का सार हैं। सद्गुरु का आदर किसी व्यक्ति का आदर नहीं है, गुरु की देह में जो विदेही आत्मा परब्रह्म परमात्मा बैठा है उसका आदर है उसका पूजन है, ज्ञान का पूजन है, विद्या का पूजन है, गुरु और शिष्य का सबंध एक बंधन है जिसमे बंध कर शिष्य जन्मों जन्मों के बंधनो से मुक्त हो जाता है जिसमें गुरु दे दे कर भर जाता है, शिष्य मिट मिट कर बन जाता है, सीखता शिष्य है लेकिन परीक्षा गुरु की होती है, शिष्य से हारने पर भी जीत गुरु की ही होती है। इस दौरान सैंकडो की संख्या में भक्तगण उपस्थित रहें। सावन माह के पहले सोमवार को भगवान शिव की आराधना के लिए जिलेभर के शिवालयों में श्रद्धालुओं का जनसैलाब उमड़ पड़ा। सुबह ब्रह्ममुहूर्त से ही मंदिरों में जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक, रुद्राभिषेक, बेलपत्र अर्पण और विशेष पूजन-अर्चन का सिलसिला देर शाम तक चलता रहा। घंटाघर स्थित श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में भी पार्थिव शिवलिंग निर्माण और विशेष पूजन का आयोजन किया गया।

# कई स्थानों पर रातभर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी का हो रहा है, अवैध खनन व परिवहन

**( यंग भारत न्यूज )**

**जालौन-उरई।** जालौन नगर एवं आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों मिट्टी खनन की गतिविधियां तेज होने की चर्चा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई स्थानों पर रातभर ट्रैक्टर-ट्रॉलियों से मिट्टी का परिवहन हो रहा है, लेकिन संबंधित विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई देखने को नहीं मिल रही। लोगों का कहना है कि रात भर चुंगी नंबर चार से बाबई रोड पर ट्रैक्टरों कीतेज आवाजाही बनी रहती है जो सवेरे तक चलती रहती है,खनन से ग्रामीण मार्ग तथा नगर के मार्ग क्षतिग्रस्त हो रहे हैं, धूल उड़ने से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है और पर्यावरण पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। लोगों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी इस ओर गंभीरता नहीं दिखा रहे हैं। यदि कहीं भी बिना अनुमति या नियमों के विपरीत खनन हो रहा है तो नियमानुसार कार्रवाई करना प्रशासन की जिम्मेदारी है। प्रदेश में अवैध खनन रोकने के लिए समय-समय पर अभियान चलाए जाते रहे हैं और नियमों के उल्लंघन पर कार्रवाई का प्रावधान भी है। अब स्थानीय नागरिकों की मांग है कि प्रशासन पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराए और यदि कहीं अवैध मिट्टी खनन हो रहा है तो संबंधित लोगों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि सरकारी राजस्व की हानि और पर्यावरण को होने वाले नुकसान पर रोक लग सके।

# उज्जैन से लौट रहे थे गोरखपुर के श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, युवक की मौत, तीन गंभीर रूप से घायल







( यंग भारत न्यूज )

उरई। मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित श्री महाकालेश्वर मंदिर के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार सोमवार सुबह झांसी–कानपुर राष्ट्रीय राजमार्ग–27 पर एट कोतवाली क्षेत्र के पिरौना ओवरब्रिज के पास एक ट्रक से भिड़ गई। भीषण सड़क हादसे में गोरखपुर निवासी 22 वर्षीय राधा रमण पांडे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक समेत तीन अन्य श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस के अनुसार गोरखपुर जिले के पांच श्रद्धालु लग्जरी कार से उज्जैन में बाबा महाकाल के दर्शन कर अपने घर लौट रहे थे। सोमवार सुबह पिरौना ओवरब्रिज के पास उनकी कार की सामने से आ रहे ट्रक से जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। एयरबैग खुलने के बावजूद कार सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे में 22 वर्षीय राधा रमण पांडे की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक शिवम पाठक सहित तीन अन्य घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से कार से बाहर निकालकर मेडिकल कॉलेज उरई भेजा गया, जहां उनका उपचार जारी है। बताया गया है कि मृतक राधा रमण पांडे अपने परिवार के इकलौते पुत्र थे। उनके पिता विनोद कुमार पांडे सऊदी अरब में नौकरी करते हैं, जबकि उनकी मां का कुछ वर्ष पूर्व निधन हो चुका है। बेटे की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। घटना की सूचना मिलते ही एट कोतवाली पुलिस और पिरौना चौकी पुलिस मौके पर पहुंची। दुर्घटनाग्रस्त कार को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया। हादसे के कारण कुछ समय तक हाईवे पर यातायात प्रभावित रहा, जिसे बाद में सामान्य करा दिया गया। पुलिस फरार ट्रक चालक की तलाश में आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है तथा प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ की जा रही है। अधिकारियों का कहना है कि दुर्घटना के कारणों की जांच के बाद आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नमामि गंगे अमृत योजना के अंतर्गत बिछाई गयी पाइप लाइन बनी जी का जंजाल

## -जगह-जगह खुदी पडी सडके सभासद ने एसडीएम से की शिकायत



( यंग भारत न्यूज )

कोंच नगर में नमामि गंगे अमृत योजना 2.0 के तहत सिंह वाहिनी माता मंदिर से मरई माता मंदिर तक पेयजल पाइपलाइन बिछाने के लिए सड़क की खुदाई किए जाने के बाद अब तक पाइपलाइन नहीं डाली गई है। सड़क को लंबे समय से क्षतिग्रस्त अवस्था में छोड़ दिए जाने से स्थानीय नागरिकों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। खुदी हुई सड़क के कारण आवागमन बाधित हो गया है और हर समय दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।

क्षेत्रवासियों का कहना है कि अधूरा कार्य लोगों के लिए परेशानी का कारण बन गया है, लेकिन संबंधित विभाग इस ओर कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में पालिका सभासद महेंद्र सिंह कुशवाहा ने रविवार को एसडीएम अभिनव कुमार से शिकायत कर समस्या से अवगत कराया है। उन्होंने मांग की है कि संबंधित विभाग को तत्काल निर्देश देकर पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाए तथा सड़क की मरम्मत कराकर आवागमन सुचारु कराया जाए। सभासद ने कहा कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो आम जनता की परेशानियां और बढ़ेंगी। स्थानीय लोगों ने भी प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप कर अधूरे कार्य को पूरा कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके और संभावित दुर्घटनाओं से बचा जा सके। वही एसडीएम अभिनव कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। उन्होंने कहा, संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए जा रहे हैं। पाइपलाइन बिछाने का कार्य शीघ्र पूरा कराया जाएगा तथा इसके बाद सड़क की मरम्मत भी कराई जाएगी, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। प्रशासन ने लोगों को भरोसा दिलाया है कि समस्या का जल्द समाधान कराया जाएगा।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक ने डाई पी, अस्पताल में भर्ती

( यंग भारत न्यूज )



**उरई /कदौरा।** थाना कदौरा क्षेत्र के हेमनपुरा डेरा में रविवार रात एक 21 वर्षीय युवक ने संदिग्ध परिस्थितियों में डाई का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) कदौरा ले गए, जहां उसका उपचार जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, हेमनपुरा डेरा निवासी इंद्रपाल का पुत्र पवन ने अज्ञात कारणों के चलते डाई पी ली। घटना के बाद परिजनों ने बिना देर किए उसे अस्पताल में भर्ती कराया। अस्पताल प्रशासन द्वारा सूचना मिलने पर कदौरा पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी। पुलिस ने परिजनों से पूछताछ कर घटना के कारणों का पता लगाने का प्रयास शुरू कर दिया है। उपनिरीक्षक अनुज पवार ने बताया कि युवक द्वारा डाई पीने का कारण अभी स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस सभी पहलुओं की जांच कर रही है, जबकि युवक का उपचार सीएचसी कदौरा में जारी है।

# कोटरा के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी

( यंग भारत न्यूज )



**कोटरा–उरई** ।सावन माह के प्रथम सोमवार पर कस्बा कोटरा के शिवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक एवं विधि–विधान से पूजा–अर्चना कर परिवार और क्षेत्र की सुख–समृद्धि की कामना की।

कस्बा के प्राचीन भूतेश्वर महादेव मंदिर में नगर पंचायत अध्यक्ष पंडित सियाशरण व्यास द्वारा भगवान भोलेनाथ का भव्य श्रृंगार कर रुद्राभिषेक एवं विशेष पूजा–अर्चना संपन्न कराई गई। मंदिर परिसर में हर–हर महादेव और बम–बम भोले के जयघोष से वातावरण भक्तिमय बना रहा। वहीं कस्बा के नारेघाट स्थित बड़े शंकर जी मंदिर में श्रद्धालु भक्तजनों ने भगवान भोलेनाथ का आकर्षक श्रृंगार कर आरती एवं अभिषेक किया। नगर पंचायत परिसर स्थित शंकर मंदिर में महिलाओं ने श्रद्धा और भक्ति के साथ भगवान शिव की पूजा–अर्चना कर परिवार की सुख–शांति एवं समृद्धि की मंगलकामना की। इसी क्रम में कर्बला बाईपास स्थित शंकर जी मंदिर में हर्ष जादौन एवं राजकुमार चाचौंदिया द्वारा भगवान भोलेनाथ का विशेष श्रृंगार, अभिषेक एवं आरती की गई। दिनभर विभिन्न शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा और पूरा कस्बा शिवमय वातावरण में सराबोर दिखाई दिया।

# गैस पाइपलाइन से हुई फसल क्षति दिवियापुर के किसानों ने जिलाधिकारी से सही मुआवजे की मांग उठाई

( यंग भारत न्यूज )



उरई (जालौन)। दिवियापुर में नई पाइपलाइन बिछाने के दौरान फसल क्षति के शिकार किसान जिलाधिकारी से मुआवजा की मांग लेकर कलैक्ट्रेट पहुंचे। रामकुमार दीक्षित, विनय कुमार, अरविंद्र कुमार समेत दर्जनों कई ग्रामीणों ने बताया कि गैस कंपनी गेल इंडिया लि. की टीम ने उनकी ज़मीन पर पाइप लाइन डाली, जिससे तुराई और लौकी की फसलें बर्बाद हो गईं। किसानों का आरोप है कि कंपनी ने कुछ प्लॉटों पर ही मुआवजा दिया जबकि उनकी दर्ज फसल के मुताबिक मुआवजा अदा नहीं किया गया। उन्होंने जिलाधिकारी से आग्रह किया है कि कंपनी को निर्देश देकर सर्वे में दर्ज फसलों के अनुरूप सही मुआवजा दिलवाया जाए। ग्रामीणों ने जल्द कार्रवाई की मांग उठाई।

# अपना दल एस अनिल कुदारी ने सुनी कार्यालय में जनता की समस्याए

( यंग भारत न्यूज )




उरई (जालौन) ।जनसुनवाई के दौरान विशेष रूप से ग्राम पंचायत अहेता (माधौगढ़) के ग्रामीणों द्वारा गांव की सड़कों पर जलभराव और नाले की खुदाई व सफाई को लेकर प्रार्थना पत्र सौंपा गया। इसके अतिरिक्त बिजली, सड़क, नाली, राजस्व और विकास कार्यों से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के ज्ञापन प्राप्त हुए।

क्रासर-- जिलाध्यक्ष अनिल कुदारी ने उपस्थित सभी पीड़ितों और ग्रामीणों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना और मौके से ही संबंधित प्रशासनिक एवं विकास विभाग के अधिकारियों को दूरभाष एवं पत्राचार के माध्यम से प्राथमिकता के आधार पर त्वरित समाधान के निर्देश दिए उरई (जालौन) ।जनसुनवाई में प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रोहित राठौर जिला महासचिव शैलेन्द्र पाल भभुआ, रामबाबू कुशवाहा ।विधान विधानसभा महासचिव उरई , रवीन्द्र कुशवाहा उर्फ सोनू विधानसभा उपाध्यक्ष माधौगढ़,दीपेन्द्र कुमार, विशाल कुशवाहई, राजेन्द्र कुशवाहा, लाचुरा, राजेश कुशवाहा स्यारी, श्रीपाल सिंह, श्यामसिंह रई, धनसेन, बबलू रई, अनिल राकवारई, रवीन्द्र कुमार कुशवाहा गड़िया, गोबिंद सिंह, संतोष कुमार, इरफान, सुमित अनुरागी बागी, राहुल राठौर। गुरमीत सिंह अहेता, रामबीर सिंह कर्ण ,सतनाम दोहरे अहेता, नीतीश कुमार घुसिया, अयोध्या प्रसाद उरई, मोहन सिंह, इमरान, सुगर सिंह पटेल, धनौरा जिला कार्यकारिणी सदस्य सचिन पाल लहारियापुरवा, प्रिंस कुशवाहा, अजय कुमार धंतौली, आकाश यादव, धंतौली, सागर यादव,पदाधिकारी, रामबाबू कुशवाहा विधानसभा महासचिव उरई, कार्यकारिणी सदस्य एवं भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता व क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# अन्ना पशुओ के कारण बर्बाद हुई फसल, गुस्साए किसानो ने एसडीएम से की शिकायत

( यंग भारत न्यूज )



**कोंच** तहसील क्षेत्र के ग्राम क्योलारी के किसानों ने सोमवार को उपजिलाधिकारी अभिनव कुमार को शिकायती पत्र देकर अन्ना पशुओं के कारण फसलों को हो रहे भारी नुकसान से राहत दिलाने की मांग की है। किसानों का आरोप है कि पड़ोसी ग्राम बड़कवा के कुछ दबंग पशुपालक जानबूझकर 30 से 40 गायों को खुले में छोड़ देते हैं, जिससे उनकी धान और अन्य फसलें लगातार बर्बाद हो रही हैं। इससे किसानों को आर्थिक नुकसान के साथ–साथ खेती बचाने के लिए दिन–रात निगरानी करनी पड़ रही है ।इतना ही नही किसान पूरी रात खेतो में रखवाली करते है ।किसानों का कहना है कि जब वे इन अन्ना गायों को पकड़कर गौशाला में बंद कराते हैं तब आरोपित लोग ग्राम प्रधान की मिलीभगत से गौशाला का ताला तोड़कर पशुओं को छुड़ा ले जाते हैं ।किसानो ने शिकायत में यह भी आरोप लगाया कि अनूप पटेल नामक व्यक्ति द्वारा गौशाला कर्मियों को फोन पर धमकियां देकर ताला तोड़ने और जाली काटकर गायों को छुड़ाने का दबाव बनाया जाता है ।पीड़ित किसानों ने उपजिलाधिकारी से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने तथा अन्ना पशुओं की समस्या का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो उनकी मेहनत और फसल दोनों पूरी तरह बर्बाद हो जाएंगी ।ग्राम प्रधान बुद्ध सिंह कुशवाहा ने आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनका इस मामले से कोई लेना–देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यदि किसी के पास कोई शिकायत है तो प्रशासन निष्पक्ष जांच कराए, जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसी के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए ।वही एसडीएम अभिनव कुमार ने बताया कि किसानों की शिकायत प्राप्त हुई है। मामले को जांच एवं आवश्यक कार्रवाई के लिए खंड विकास अधिकारी को अग्रसारित कर दिया गया है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

# ग्यारह दिन बीतने के बावजूद पुलिस के हाथ खाली- जब कुंवारी लड़की बेटी की इज्जत लूट जाएगी तब क्या वह जाएगा लड़की की बरामदगी का महत्व

## लापता युवती की बरामदगी और आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर एसपी से लगाई गुहार

( यंग भारत न्यूज )



**उरई (जालौन)।** माधौगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम हरौली निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर अपनी लापता पुत्री की सकुशल बरामदगी तथा आरोपी की गिरफ्तारी की मांग की है। महिला का आरोप है कि उसकी पुत्री को अंकित राठौर निवासी सहारी, थाना माधौगढ़ बहला–फुसलाकर अपने साथ ले गया था। मामले में थाना माधौगढ़ में मुकदमा दर्ज होने के बावजूद करीब दस दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस द्वारा आरोपी के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई नहीं किए जाने का आरोप लगाया गया है।

प्रार्थना पत्र में महिला ने बताया कि आरोपी के प्रभाव में पुलिस द्वारा मामले में कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं आरोपी के पिता महेन्द्र सिंह, ताऊ योगेन्द्र सिंह तथा चाचा रामप्रताप उर्फ पोंटी द्वारा प्रार्थिनी और उसके परिवार को धमकी दिए जाने का भी आरोप लगाया गया है। पीड़िता के अनुसार, धमकी दी जा रही है कि यदि कोई कार्रवाई की गई तो उसके बेटे अभिषेक को जान से मार दिया जाएगा। महिला ने आशंका जताई कि आरोपी उसकी पुत्री के साथ कोई अप्रिय घटना कर सकता है। उसने पुलिस अधीक्षक से आरोपी को गिरफ्तार कर पुत्री को सकुशल बरामद कराने तथा अपने परिवार की जान–माल की सुरक्षा सुनिश्चित कराने के लिए थाना माधौगढ़ पुलिस को निर्देशित करने की मांग की है।

# गौ सेवा आयोग के सदस्य व उप जिलाधिकारी उरई ने मृतका के परिजनों के घर पहुंचकर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 05 लाख की आर्थिक सहायता का चेक सौंपा



( यंग भारत न्यूज )

**उरई।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता उपलब्ध कराने की प्रतिबद्धता के क्रम में आज गौ सेवा आयोग के सदस्य राजेश सेंगर व उप जिलाधिकारी उरई उत्तम कुमार तिवारी ने ग्राम रुरा अड्डू, तहसील उरई पहुंचकर मृतका खुशी चौहान के परिजनों को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत 5 लाख की आर्थिक सहायता प्रदान की। उप जिलाधिकारी ने मृतका के पिता भगवत सिंह को मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से स्वीकृत सहायता राशि का प्रमाणपत्र एवं आरटीजीएस के माध्यम से प्रेषित धनराशि की जानकारी देते हुए शासन की संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार दुःख की इस घड़ी में पीड़ित परिवार के साथ खड़ी है तथा हर संभव सहयोग प्रदान किया जा रहा है। बताया गया कि मृतका खुशी चौहान की 29 जनवरी 2025 को किसी बहसी हत्यारे द्वारा हत्या हो जाने के उपरांत शासन स्तर पर प्रकरण का परीक्षण किया गया था, जिसके आधार पर मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से 5,00,000 (पांच लाख रुपये) की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई। यह धनराशि 03 अगस्त 2026 को आरटीजीएस के माध्यम से लाभार्थी के खाते में प्रेषित की गई ।इस अवसर पर तहसीलदार श्रीश मिश्रा, राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी तथा ग्राम के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

# सावन के प्रथम सोमवार पर जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने भूरेश्वर मंदिर का किया निरीक्षण, श्रद्धालुओं की सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का लिया जायजा

**- व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद रखने, बैरिकेडिंग, सीसीटीवी, स्वच्छता, पेयजल एवं यातायात प्रबंधन के दिए निर्देश, निरीक्षण उपरांत भगवान शिव का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना की**



( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** सावन के प्रथम सोमवार के पावन अवसर पर ग्राम सरावन स्थित प्राचीन भूरेश्वर महादेव मंदिर में उमड़ने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का गहन जायजा लिया। मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्ग, बैरिकेडिंग, पार्किंग स्थल, यातायात व्यवस्था, स्वच्छता, पेयजल, प्रकाश व्यवस्था तथा श्रद्धालुओं के आवागमन की व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं को दर्शन एवं जलाभिषेक के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए मंदिर परिसर में व्यवस्थित बैरिकेडिंग कर श्रद्धालुओं की आवाजाही को सुचारु रखा जाए। संवेदनशील स्थलों पर सीसीटीवी कैमरों के माध्यम से निरंतर निगरानी की जाए तथा कंट्रोल रूम से प्रत्येक गतिविधि पर सतत नजर रखी जाए। उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर एवं मार्गों पर साफ-सफाई की विशेष व्यवस्था रहे, पेयजल की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा शौचालयों की नियमित सफाई कराई जाए। प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त रखने के साथ विद्युत आपूर्ति निर्बाध बनाए रखने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पर्याप्त पुलिस बल एवं मजिस्ट्रेट तैनात रहें तथा किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। स्वास्थ्य विभाग को प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने तथा अग्निशमन एवं एम्बुलेंस सेवाओं को भी पूरी तरह सक्रिय रखने के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक विनय कुमार सिंह ने सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए कहा कि भीड़ नियंत्रण एवं यातायात प्रबंधन पूरी सतर्कता के साथ किया जाए। पार्किंग स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहे तथा महिला श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए महिला पुलिसकर्मियों की पर्याप्त ड्यूटी लगाई जाए। उन्होंने संदिग्ध व्यक्तियों एवं गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने तथा लगातार गश्त करने के निर्देश दिए, जिससे श्रद्धालु सुरक्षित एवं सुगमता के साथ दर्शन-पूजन कर सकें।निरीक्षण उपरांत जिलाधिकारी व पुलिस अधीक्षक ने प्राचीन भूरेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक एवं पूजा-अर्चना कर जनपदवासियों की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। इस अवसर पर मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं ने भी उत्साह एवं श्रद्धाभाव के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक कर पुण्य लाभ अर्जित किया।

# मिलेट्स खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानो को दिया गया प्रशिक्षण

( यंग भारत न्यूज )

कोंच उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजना के अंतर्गत विकास खंड परिसर में सोमवार को कृषक प्रशिक्षण एवं कृषि गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को मोटे अनाज की खेती के प्रति जागरूक करना और आधुनिक कृषि तकनीकों के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रेरित करना रहा।प्रशिक्षण सत्र में विषय वस्तु विशेषज्ञ केशवेंद्र और संजीव कुमार ने किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी, कोदो और सांवा जैसी पोषक एवं कम लागत वाली फसलों की खेती के लाभों की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि मिलेट्स की फसलें कम पानी में भी अच्छी पैदावार देती हैं और बदलते मौसम की परिस्थितियों में अन्य फसलों की तुलना में अधिक टिकाऊ साबित होती हैं। साथ ही बाजार में इनकी बढ़ती मांग किसानों के लिए बेहतर आय का अवसर प्रदान कर रही है।विशेषज्ञों ने किसानों को उन्नत बीजों के चयन, समय पर बुवाई, संतुलित उर्वरक प्रबंधन, खरपतवार नियंत्रण तथा कीट एवं रोगों से बचाव के प्रभावी उपायों की जानकारी भी दी। इसके अलावा सरकार द्वारा मिलेट्स को बढ़ावा देने के लिए संचालित विभिन्न योजनाओं और कृषि विभाग की ओर से उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी विस्तार से बताया गया।कृषि विभाग के अधिकारियों ने कहा कि मिलेट्स की खेती किसानों की आय बढ़ाने के साथ-साथ लोगों को पौष्टिक एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने किसानों से अधिक से अधिक क्षेत्रफल में मोटे अनाज की खेती अपनाने का आह्वान किया ताकि कृषि को लाभकारी और टिकाऊ बनाया जा सके।कार्यक्रम में कृषि बीज गोदाम प्रभारी प्रफुल्ल सिंह, राम जीवन मिश्रा सहित कृषि विभाग के अधिकारी, कर्मचारी और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।





# जालौन पुलिस का गुड वर्क : व्यापारी से लूट की घटना का पुलिस ने किया खुलासा

**-पांच आरोपियों को दबोचा,**

**- 80 हजार रुपये नकद और दो बाइक बरामद की**



( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** व्यापारी दिलीप अग्रवाल की स्कूटी से डेढ़ लाख रुपये से भरा बैग लेकर भागने के मामले में पुलिस ने चेकिंग के दौरान पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से चोरी के 80 हजार रुपये नकद और दो बाइक बरामद की हैं। पुलिस पकड़े गये अभियुक्तों को न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

नगर में लगातार घट रही घटनाओं से पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे थे। लगातार घट रही घटनाओं ने पुलिस को भी परेशान कर दिया है। रविवार को दिन दहाड़े हुए चेन स्केनिंग की घटना व व्यापारी के साथ डेड़ लाख की टप्पेवाजी, महिला की स्कूटी से 30 हजार की टप्पेवाजी की घटना ने जनता में नाराजगी पनपा दी थी। रविवार को कोतवाली प्रभारी निरीक्षक हरिशंकर चन्द्र के नेतृत्व में चौकी प्रभारी मनीष कुमार तिवारी, उप निरीक्षक शिवम सिंह सेंगर मय टीम सारंगपुर रोड स्थित डायमण्ड कोल्ड स्टोर के पास ग्राम सारंगपुर के पास चेकिंग अभियान चला रहे थे। चेकिंग के दौरान पुलिस ने दो बाइकों पर सवार पांच संदिग्ध युवकों को रोका। तलाशी में उनके कब्जे से 80 हजार रुपये नकद, एक बजाज बाइक और एक होंडा बाइक बरामद हुई। पूछताछ में पकड़े गये आरोपियों ने बताया कि यह उन्होंने नगर के व्यापारी दिलीप अग्रवाल की स्कूटी से रुपयों से भरा झोला उठाया था। बरामद रुपये उसी चोरी के हैं। गिरफ्तार अभियुक्तों ने अपने नाम पता वाशिल पुत्र नाजिम निवासी मोहल्ला रापटगंज कस्बा , सजल फरीदी पुत्र मोहम्मद सोहिल फरीदी निवासी मोहल्ला रापटगंज , सुफियान उर्फ लकी पुत्र अन्सार निवासी मोहल्ला शाहगंज , फरहान पुत्र नौशाद निवासी मोहल्ला तोपखाना और शानू पुत्र अकील अली निवासी मोहल्ला मुरलीमनोहर बताए। पकड़े गये आरोपियों के खिलाफ पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार वाशिल, सजल, सुफियान, फरहान और शानू के खिलाफ चोरी के मुकदमे दर्ज हैं। फरहान और शानू पर इसके अलावा अन्य धाराओं में भी मुकदमे पंजीकृत हैं। पुलिस ने बरामद माल को कब्जे में लेकर सभी को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें जेल भेज दिया है।

# नवीन गल्ला मंडी में हुआ वृहद वृक्षारोपण, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

( यंग भारत न्यूज )



**उरई ( जालौन )।** कालपी विधानसभा क्षेत्र की नवीन गल्ला मंडी में क्षेत्रीय युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग की ओर से वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व बसपा जिलाध्यक्ष अतर सिंह पाल, जिला पंचायत सदस्य अकबरपुर-इटौरा तथा कार्यक्रम संयोजक क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी श्रीमती अर्चना प्रजापति ने पीआरडी जवानों एवं अन्य साथियों के साथ मिलकर पौधरोपण किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

वहीं, उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा खेलों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से चलाए जा रहे खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत युवक मंगल दल एवं युवा कल्याण विभाग के तत्वावधान में कदौरा विकासखंड के ग्राम बबीना में ब्लॉक स्तरीय खेल मैदान बनाए जाने को लेकर अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने गांव पहुंचकर प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान बबीना प्रधान प्रतिनिधि कुंदन सिंह कुटार, लेखपाल दर्शन सिंह, ग्राम प्रधान गररेही सुरेश पाल, बसपा नेता रामशंकर रामू, कल्लू यादव, धर्मेंद्र पाल सिंह, रुवेल सिंह, जगबंदन सिंह, धर्मेंद्र शर्मा, आत्माराम, शैलेंद्र सिंह, दुलीचंद, रामचंद्र, अजय कुमार, रामस्वरूप, राजू सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सिविल सर्विसेज खेल चयन ट्रायल्स 13 अगस्त को, इच्छुक अधिकारी-कर्मचारी 6 अगस्त तक दें आवेदन

( यंग भारत न्यूज )

**उरई ( जालौन )।** क्रीड़ाधिकारी शैलेन्द्र कुशवाहा ने बताया कि खेल निदेशालय, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र दिनांक 30 जुलाई 2026 के क्रम में विधानसभा एवं विधान परिषद का सत्र 3 अगस्त 2026 से आहूत होने के दृष्टिगत जिला, मंडल एवं राज्य स्तरीय चयन ट्रायल्स की तिथियों में परिवर्तन किया गया है।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2026-27 के सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार जिला खेल कार्यालय उरई के तत्वावधान में 13 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे से विभिन्न खेलों में जनपद स्तरीय चयन ट्रायल्स आयोजित किए जाएंगे। इनमें टेनिस, वॉलीबॉल, तैराकी, बास्केटबॉल, बैडमिंटन, टेबल टेनिस, कबड्डी, शतरंज, भारोत्तोलन एवं बेस्ट फिजिक, एथलेटिक्स, फुटबॉल, कैरम, कुश्ती, पावरलिफ्टिंग, क्रिकेट, हॉकी, खो-खो एवं योगासन शामिल हैं। चयन फिजिकल एवं स्किल टेस्ट के आधार पर किया जाएगा। क्रीड़ाधिकारी ने बताया कि राजकीय अधिकारी एवं कर्मचारी खिलाड़ी, जो इन खेलों की जिला स्तरीय चयन ट्रायल्स में भाग लेना चाहते हैं, वे अपने कार्यालय के सक्षम अधिकारी के अनुमति पत्र के साथ 6 अगस्त 2026 को प्रातः 11 बजे इन्दिरा स्टेडियम, उरई में उपस्थित होकर प्रतिभाग कर सकते हैं। आवेदन के साथ खिलाड़ी का नाम एवं आईडी नंबर, खेल का नाम, जन्मतिथि, विभाग का नाम, सेवा में आने की तिथि, वर्तमान तैनाती की तिथि, सेवा का प्रकार (नियमित/दैनिक भोगी) तथा विभाग पूर्ण सरकारी है अथवा स्वायत्तशासी संस्था/ऑर्गनाइजेशन, संबंधी जानकारी देना अनिवार्य होगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि ऑटोनॉमस बॉडी, पुलिस विभाग एवं शिक्षा विभाग के कर्मचारी इन चयन ट्रायल्स में प्रतिभाग नहीं कर सकेंगे। सिविल सर्विसेज चयन ट्रायल्स में केवल पूर्ण रूप से सरकारी कर्मचारी ही भाग ले सकेंगे। जिला, मंडल एवं प्रदेश स्तरीय ट्रायल्स में प्रतिभाग करने वाले सरकारी अधिकारी-कर्मचारी खिलाड़ियों को ड्यूटी पर माना जाएगा तथा उनके यात्रा भत्ता आदि का भुगतान संबंधित विभाग द्वारा किया जाएगा।

# सफाई के जिम्मेदार लोग खरे उतरकर नगर को स्वच्छ बनाएं आर आई

( यंग भारत न्यूज )



कालपी जालौन 3 अगस्त। मंगलवार के दिननगर पालिका परिषद कालपी आर आई अजीत सिंह यादव ने सफाई नायक एवं बाहान चालकों की बैठक लेकर जमकर पेच कसते हुए कहाकि प्रत्येक मोहल्ले में जो सफाई नायक की तैनाती है वह अपनी जिम्मेदारी में सफाई करने में सदैव खरे उतरने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि निरीक्षण दौरान यदि किसी मोहल्ले की गलियों में गंदगी पाई जाएगी तो सफाई नायक ही जिम्मेदार होगा साथ में उन्होंने वाहन चालकों से कहा कि निर्धारित समय में पालिका से अपने-अपने वाहन के पास पहुंचकर समय से वाहनों को चलाकर अपने-अपने मोहल्ले में निर्धारित जगह पर वाहनखडेकर मोहल्ले वासियों के कूड़े को ब

बाहान में डलवाने के निर्देश दिए सभी लोग नगर में विशेष सफाई अभियान चला कर नगर को स्वच्छ बनाने में सदैव अग्रसर रहें उन्होंने कहा कि नगर में सफाई व्यवस्था में किसी भी सफाई कर्मी ने लापरवाही की तो ऐसे कर्मचारियों को किसी भी सूरत में बक्सा नहीं जाएगा इतना भी नहीं वेतन लेने के लाले पड़ जाएंगे पालिका कंप्यूटर ऑपरेटर इरफान मंसूरी ने बैठक का संचालन किया बैठक मेमौजूद लिपिक शिशुपाल सिंह उर्फ पप्पी यादव सफाई नायकों में कैलाश विनोद सफाई प्रभारी जीशान अनिल वीर सिंह राजेश चालकों में अजय हेमंत राजेश राजा अरुण समेत लोग मौजूद थे

# श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिव मंदिरो में उमडी शिव भक्तो की भारी भीड

**-हर हर महादेव से गूंज गए शिवालय**

( यंग भारत न्यूज )





कोंच श्रावण मास के प्रथम सोमवार को शिवभक्ति का अद्भुत उत्साह देखने को मिला। सोमवार भोर सुबह से ही नगर और आसपास के क्षेत्र के प्रमुख शिवालयों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। सुबह से ही मंदिर परिसर 'बोल बम ', 'हर-हर महादेव' और 'बम-बम भोले' के जयकारों से गूंज उठे। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, पुष्प, धतूरा, आक, भांग, फल,भष्म, और नैवेद्य अर्पित कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की खुशहाली की कामना की। भोर होते ही शिव मंदिरों में जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतारें लग गईं। चंदकुआं स्थित प्राचीन भूतेश्वर मंदिर में महिलाओं की विशेष भीड़ देखने को मिली, जहां सुबह से ही पूजा-अर्चना का सिलसिला लगातार चलता रहा। वहीं नगर के बाहरी क्षेत्र स्थित झलेश्वर मंदिर,पठेश्वर महादेव मंदिरों,सिद्धेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर में भी बड़ी संख्या में शिवभक्त पहुंचे और विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का अभिषेक किया। दीर्घायु के प्रतीक भगवान मारकंडेश्वर महादेव मंदिर में भी श्रद्धालु पूरे श्रद्धाभाव के साथ पूजा-अर्चना में लीन नजर आए। भक्तों ने बेलपत्र, पुष्प, आक और धतूरा अर्पित कर भोलेनाथ का आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके अलावा नई बस्ती स्थित सिद्धेश्वर मंदिर, महाकालेश्वर मंदिर, नायक का मठ, गुप्तेश्वर, बक्सेश्वर, पीपलेश्वर और यादवेश्वर महादेव मंदिरों में भी दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। इन मंदिरों में महिलाओं की संख्या विशेष रूप से अधिक रही।श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अवसर पर कई शिवालयों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय मंत्र जाप और विशेष पूजा-अर्चना का आयोजन भी किया गया। मंदिरों में भक्तिमय वातावरण के बीच श्रद्धालुओं ने भगवान आशुतोष से सुख, शांति, समृद्धि और निरोगी जीवन की प्रार्थना की। पूरे नगर में शिवभक्ति का उत्साह देखने को मिला और हर ओर धार्मिक आस्था का माहौल बना रहा। सावन के पहले सोमवार को पूरी तरह नगर को शिवमय बना दिया।वही सुरक्षा की दृष्टि से नगर के शिव मंदिरो में पुलिस बल तैनात रहा तथा प्रभारी निरीक्षक निगवेंद्र प्रताप सिंह भ्रमण करते रहे।

# पुलिस ने अवैध तमंचा सहित एक को दबोचा

( यंग भारत न्यूज )

कोंच अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत कोतवाली पुलिस ने एक युवक को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया।कोतवाली पुलिस ने सोमवार को थाना क्षेत्र में गश्त के दौरान आजाद गार्डन पुलिया के पास से अकरम उम्र 32 वर्ष निवासी गांधीनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के खिलाफ धारा 4/25 आयुध अधिनियम में मुकदमा दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

# सोमवार पर शिवालयों में शिवभक्तों की कतारें लगी

**श्रद्धा पूर्वक किया जलाभिषेक**

( यंग भारत न्यूज )

**जालौन-उरई** ।सावन के पहले सोमवार पर शिवालयों में शिवभक्तों की कतारें लग गईं।अल सुबह शुरू हुआ पूजा-अर्चना का दौर पूरा दिन चलता रहा। श्रद्धालुओं ने शिव का जलाभिषेक किया तथा साथ ही दूध, दही, घी, चंदन, आक, धतूरा, भांग आदि अर्पित किए।

नगर के प्राचीन नर्मदेश्वर शिव मंदिर, कोतवाली स्तिथ रक्षिकेश्वर शिव मंदिर, सीएचसी शिव मंदिर, उरई मार्ग पर पैट्रोल पम्प वाले नागेश्वर मंदिर, पतंगेंश्वर मंदिर सारंगपुर मार्ग, बिरिया खेड़ा शिव मंदिर, नारोभास्कर, चुर्खीबाल, भवानीराम समेत नगर व ग्रामीण क्षेत्र के प्रमुख मंदिर शिव आराधना और भोलेनाथ के जयकारों से गूंज उठे। औरैया रोड के प्राचीन नर्मदेश्वर, उरई मार्ग श्रीवीर हनुमान बालाजी मंदिर के शिवालय में सुबह से ही श्रद्धालु पहुंचने लगे। यहां दोपहर तक जलाभिषेक का क्रम लगातार जारी था। महिला-पुरुषों को कतार में लगकर बारी का इंतजार करना पड़ा। इसके अलावा नगर के अन्य मंदिरों की भी यही स्थिति थी। ग्रामीण क्षेत्र के उदोतपुरा, कैंथ, खनुआं, उरगांव, माहिया, प्रतापपुरा, लौना, छानी आदि गांव में स्तिथ शिव मंदिरों में सुबह से ही श्रद्धालु महादेव का जलाभिषेक करने पहुंच गए। जहां दिन भर भोलेनाथ के जयकारों के साथ जलाभिषेक का क्रम जारी था। शिव भक्तों ने विल्वपत्र, आक, धतूरा, दूध, दही, घी आदि से महादेव का अभिषेक किया गया और हर हर महादेव के जयकारे लगाए।

# 8 साल से रिलेशन और केवल 2 महीने की शादी, ऑफिस पार्टी से ठीक बाद मिली लाश; मर्डर मिस्ट्री में ये नया एंगल

( यंग भारत न्यूज )

**नई दिल्ली:** राजधानी दिल्ली की लोधी कॉलोनी में 28 साल की नवविवाहिता की रहस्यमयी मौत ने पुलिस को भी उलझाकर रख दिया है। परिवार वाले जहां दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं तो पुलिस नए एंगल के तलाश में जुट गई है। परिवार वाले आत्महत्या की बात को भी सिरे से खारिज कर रहे हैं। वहीं, पुलिस का कहना है कि वे मामले की हर पहलू से जांच कर रहे हैं। मिली जानकारी के अनुसार, आकृति सुतार की शादी सिर्फ दो महीने पहले ही हुई थी। परिवार के मुताबिक शादी के ढाई महीने बाद पति-पत्नी ने ऑफिस में पार्टी रखने की बात कही थी। लेकिन पार्टी से पहले महिला की हत्या हो गई।



दरअसल,दिल्ली के पुष्प विहार की रहने वाली आकृति सुतार शनिवार शाम दिल्ली की लोधी कॉलोनी में पालिका कुंज स्थित एनडीएमसी फ्लैट्स की तीसरी मंजिल से कथित तौर पर गिरने के बाद गंभीर रूप से घायल हालत में मिलीं। महिला की लाश जिस जगह पर मिली थी वह उसके मायके से मात्र 10 किलोमीटर दूरी पर है। कुछ लोगों ने रात करीब 9 बजे के आसपास उसे सड़क पर पड़ा देखा और पुलिस को सूचना दी। हालांकि, उसके शरीर पर चोट के निशान थे, लेकिन घटनास्थल पर खून के कोई धब्बे नहीं मिले। उसे तुरंत एम्स ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जानकारी के मुताबिक आकृति सुतार ने अपने ही ऑफिस के सहकर्मी अरस्तू सिक्का से 8 साल के रिश्ते में थी और 24 अप्रैल 2026 को शादी की थी। शादी के बाद दोनों ने ऑफिस में पार्टी रखी थी। लेकिन पार्टी से पहले आकृति की लाश ने सभी को हैरान करके रख दिया। अब परिवार वाले उसके पति अरस्तू पर गंभीर आरोप लगा रहे हैं, वहीं पुलिस नए एंगल निकाल रही है। आकृति के परिवार ने इस बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि उसने आत्महत्या की है। उन्होंने बताया कि शादी के लिए छुट्टी लेने के बाद वह 1 जुलाई को काम पर लौटी थी और छुट्टी पर होने के बावजूद शनिवार को ऑफिस गई थी। परिवार के अनुसार, काम से निकलने से पहले उसने अपने सहयोगियों के लिए एक छोटी सी पार्टी भी दी थी। आकृति के चाचा मनंजय सुतार ने आत्महत्या की थ्योरी पर सवाल उठाते हुए कहा कि अगर वह दुखी थीं या अपनी जान देने की सोच रही थीं, तो वह काम पर लौटने का जश्न क्यों मनातीं परिवार ने बताया कि आकृति ने शनिवार शाम करीब 6 बजे अपनी मां से बात की थी बातचीत के दौरान वह सामान्य लग रही थीं, उन्होंने ऑफिस की गैदरिंग के बारे में बात की और बताया कि वह घर लौट रही हैं। रात करीब 8 बजे, उन्हें उनके पति अरास्तु सिक्का का फोन आया, जिसमें बताया गया कि वह लापता हो गई हैं। लगभग 90 मिनट बाद, पुलिस ने परिवार को सूचना दी कि पालिका कुंज में एक महिला का शव मिला है। आकृति के रिश्तेदारों ने उसके पति, अरस्तू सिक्का और उसके परिवार पर शादी के बाद 20 लाख रुपये दहेज की मांग करने का आरोप लगाया है। उन्होंने आरोप लगाया कि इस मांग को लेकर उसे बार-बार परेशान किया गया और धमकाया गया। परिवार का यह भी दावा है कि अरस्तू ने उसे कई बार जान से मारने की धमकी दी थी और उसकी मौत से ठीक दो दिन पहले पति-पत्नी के बीच तीखी बहस हुई थी। एक रिश्तेदार ने बताया कि यह लव मैरिज थी। रिश्ते की शुरुआत होने से पहले आकृति की दोस्ती अरस्तु की बहन अगस्तिका सिक्का से हुई थी। पुलिस ने बताया कि अरस्तु बेरोजगार है, जबकि उसके पिता सरकारी कर्मचारी हैं। परिवार ने यह सवाल भी उठाया है कि आकृति का शव उसके घर से लगभग 10 किलोमीटर दूर एक ऐसे रिहायशी कॉम्प्लेक्स में क्यों मिला, जहां ज्यादातार घर खाली पड़े थे। उन्होंने घटना स्थल पर खून के धब्बे न होने की ओर इशारा किया और आरोप लगाया कि ऐसा लगता है कि इस घटना की योजना बहुत सोच-समझकर बनाई गई थी।

मर्डर या हादसा, उठ रहे ये सवाल

शादी के 2 महीने में ही दहेज के लिए कोई इतना टॉर्चर कैसे कर सकता है

दोनों ने ऑफिस में शादी की पार्टी रखी थी फिर अचानक आत्महत्या या मर्डर क्यों

8 साल से रिश्ते में थे दोनों फिर 2 महीने में मतभेद कैसे

क्या इस मौत में किसी और का हाथ है

# 20 साल बाद कब्र से सही-सलामत निकला मौलाना का शव, मंजर देख उड़े लोगों के होश

( यंग भारत न्यूज )

उत्तर प्रदेश के कौशांबी जिले से एक ऐसी घटना सामने आई है जिसने मजहबी यकीन और इंसानी समझ के बीच की बहस को तेज कर दिया है। सिराथू तहसील के दारानगर नगर पंचायत में 20 साल पहले सुपुर्द-खाक किए गए एक मौलाना का शव कब्र के भीतर वैसी ही हालत में मिला है, जैसा उसे दफन करते वक्त था।



दारानगर निवासी अख्तर सुब्हानी के मुताबिक, उनके पिता मौलाना अंसार अहमद का इंतकाल साल 2003 में हुआ था। उन्हें स्थानीय कब्रिस्तान में दफनाया गया था, लेकिन दो दशकों तक सब कुछ सामान्य रहने के बाद अचानक अख्तर को उनके पिता सपने में दिखाई दिए। सपने में मौलाना ने अपनी कब्र के जर्जर होने की बात कही और बेटे से इसे दुरुस्त करने की गुजारिश की। सुबह उठकर जब अख्तर परिजनों के साथ कब्रिस्तान पहुंचे, तो देखा कि कब्र वाकई धंस चुकी थी और बेहद खराब स्थिति में थी। इसके बाद परिजनों ने बरेलवी समुदाय के मौलानाओं से मशविरा किया और धार्मिक रीति-रिवाजों के तहत कब्र को फिर से बनाने के लिए खुदाई की अनुमति ली। जैसे ही मजदूरों और परिजनों ने मिट्टी हटाकर कब्र के भीतर झांका, वहां मौजूद हर शख्स की चीख निकल गई। साल 2003 में दफनाए गए मौलाना अंसार अहमद का जनाजा (शव) बिल्कुल महफूज था। आमतौर पर मिट्टी के संपर्क में आने के कुछ ही महीनों में शरीर पंचतत्व में विलीन होने लगता है, लेकिन यहां 20 साल बाद भी न तो कफन गला था और न ही शरीर को कोई नुकसान पहुंचा था। इलाके में यह खबर आग की तरह फैली और देखते ही देखते हजारों की तादाद में लोग इस 'करामात' को देखने के लिए कब्रिस्तान में इकट्ठा हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना था कि मौलाना की रूहानियत का ही असर है कि कुदरत ने उनके जिस्म को छुआ तक नहीं। परिजनों ने भारी मन और अकीदत के साथ कब्र की साफ-सफाई की और फिर से मिट्टी डालकर उसे दुरुस्त किया। स्थानीय बुजुर्गों का कहना है कि मौलाना अंसार अहमद अपने जीवनकाल में बेहद मुत्तकी (परहेजगार) इंसान थे और शायद उनकी इबादत का ही फल है कि दो दशक बाद भी उनका शरीर मिट्टी में नहीं मिला। सिराथू के इस गांव में फिलहाल यह घटना चर्चा का केंद्र बनी हुई है।

# ओला ड्राइवर उमेश को ड्राइविंग के टाइम आरती वर्मा से हुआ प्यार, लखनऊ में गर्लफ्रेंड संग मिलकर पत्नी को मारा, बॉडी को गोमती में फेंका!

( यंग भारत न्यूज )

लखनऊ के रहीमाबाद इलाके में पत्नी की हत्या कर शव गोमती नदी में फेंकने के मामले का पुलिस ने खुलासा किया है. पुलिस ने इस मामले में मृतका अंजली सिंह के पति उमेन्द्र प्रताप सिंह और उसकी गर्लफ्रेंड आरती वर्मा को गिरफ्तार किया है.




पुलिस के मुताबिक दोनों ने मिलकर अंजली की हत्या की और शव को कंबल में लपेटकर कार से इटौंजा ले जाकर गोमती नदी में फेंक दिया. वारदात के बाद उमेन्द्र ने खुद थाने पहुंचकर पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई, ताकि पुलिस को वह घर से लापता होने का मामला लगे. जांच में सामने आया कि उमेन्द्र और आरती की मुलाकात करीब सात महीने पहले एक ओला राइड के दौरान हुई थी, जिसके बाद दोनों के बीच बातचीत और फिर प्रेम संबंध शुरू हो गया. पुलिस के अनुसार सहिजना गांव निवासी उमेन्द्र प्रताप सिंह ने 30-31 जुलाई की रात रहीमाबाद थाने में पत्नी के लापता होने की सूचना दी थी. इसी दौरान 31 जुलाई को इटौंजा क्षेत्र में गोमती नदी से एक अज्ञात महिला का शव बरामद हुआ. परिजनों ने शव की पहचान अंजली सिंह के तौर पर की. इसके बाद मृतका के भाई की तहरीर पर हत्या समेत अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई. पूछताछ में पुलिस को पता चला कि अंजली को पति और आरती के रिश्ते की जानकारी हो गई थी. वह लगातार इस संबंध का विरोध कर रही थी. पुलिस का दावा है कि इसी विवाद के बाद दोनों आरोपियों ने अंजली को रास्ते से हटाने की साजिश रची. पुलिस के मुताबिक हत्या के बाद अंजली के शव को कंबल में लपेटा गया और कार से इटौंजा ले जाकर गोमती नदी में फेंक दिया गया. इसके बाद पुलिस को गुमराह करने के लिए उमेन्द्र ने पत्नी की गुमशुदगी दर्ज कराई. जांच में यह भी सामने आया कि अंजली के करीब 10 लाख रुपये कीमत के 32 जेवर घर से निकालकर आरती को दे दिए गए थे. पुलिस का कहना है कि ऐसा इसलिए किया गया ताकि परिवार और जांच टीम को लगे कि अंजली जेवर लेकर घर से कहीं चली गई है. रहीमाबाद पुलिस के एसएचओ अरुण कुमार त्रिगुनायक ने बताया 'दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है. आरोपी गर्लफ्रेंड की निशानदेही पर मृतका के 32 जेवर, दो मोबाइल फोन और वारदात में इस्तेमाल स्विफ्ट डिजायर कार बरामद की गई है.' पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपी उमेन्द्र प्रताप सिंह के खिलाफ हरदोई के लोनार थाने में वर्ष 2020 का एक आपराधिक मुकदमा भी दर्ज है. इसके अलावा अन्य जिलों में उसके आपराधिक इतिहास की जांच की जा रही है. जांच में सामने आया कि आरती वर्मा इंदिरानगर के शालीमार क्षेत्र में रहती है और एक कॉल सेंटर में काम करती थी, जबकि उमेन्द्र ओला ड्राइवर है. पुलिस के मुताबिक, करीब सात महीने पहले एक राइड बुकिंग के दौरान दोनों की मुलाकात हुई थी. इसके बाद बातचीत बढ़ी और दोनों के बीच प्रेम संबंध बन गए. करीब एक महीने पहले अंजली को इस रिश्ते की जानकारी हुई, जिसके बाद पति-पत्नी के बीच विवाद बढ़ने लगा. पुलिस का कहना है कि इसी विवाद के चलते हत्या की साजिश रची गई. दोनों आरोपियों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया है.

# ढाई करोड़ का घोड़ा, 3 हेलिकॉप्टर, लग्जरी कारों के शौकीन, जानिए बृजभूषण शरण सिंह कितने अमीर हैं

( यंग भारत न्यूज )

गोंडा: यूपी के कैसरगंज से भाजपा सांसद रह चुके बृजभूषण शरण सिंह के लिए सोमवार को दिन खुशियां लेकर आया। दिल्ली की कोर्ट ने महिला पहलवानों के यौन शोषण मामले में उनको बरी कर दिया। पहलवानों ने उनके खिलाफ जंतर-मंतर पर कई दिनों तक प्रदर्शन किया था। इसके बाद 2024 लोकसभा चुनाव में बीजेपी ने उनका टिकट काटकर बेटे करण भूषण सिंह को दे दिया था।



बृजभूषण शरण सिंह छह बार सांसद रह चुके हैं। इसके अलावा वह लंबे समय तक कुश्ती संघ के अध्यक्ष रहे। वह लग्जरी कारों, हथियारों और घोड़ों के बेहद शौकीन हैं। 2019 लोकसभा चुनाव में दिए गए हलफनामे में उन्होंने अपने पास 10 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति बताई है। बृजभूषण सिंह के अलावा उनकी पत्नी के पास 63,444,541 की संपत्ति है। इसमें से उनके पास 1,57,96,317 रुपये की चल संपत्ति है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बृजभूषण शरण सिंह के पास तीन हेलिकॉप्टर भी हैं। 2025 में इन्होंने भगवा रंग का नया हेलिकॉप्टर खरीदा था। नए हेलिकॉप्टर का बृजभूषण ने इसका फोटो सोशल मीडिया पर शेयर किया था। आर-66 मॉडल वाले इस हेलिकॉप्टर की कीमत से 7 से 8 करोड़ के बीच की बताई जा रही है। पूर्व सांसद के निजी सचिव संजीव सिंह ने बताया कि हेलिकॉप्टर होने से अन्य प्रदेशों और सुदूर इलाकों में रहने वाले समर्थकों के यहां आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में समय से पहुंचने में सहूलियत होती है। उनके कार कलेक्शन में इनोवा, महिंद्रा स्कॉर्पियो जैसी गाड़ियां शामिल है। उनकी पत्नी के नाम पर भी दो गाड़िया हैं। बृजभूषण सिंह के पास 8 लाख की एंडेवर,, 8 लाख की महिंद्रा स्कॉर्पियो है। जबकि उनकी पत्नी के नाम पर 18 लाख की टोयोटा और 20 लाख की फॉर्च्यूनर कार है। 2025 में उन्होंने लैंड रोवर डिफेंडर भी खरीदी थी। संपत्ति और गाड़ियों के अलावा बृजभूषण सिंह के पास 5 हथियार भी है। उनके नाम पर 1 पिस्टल, 1 राइफल, 1 रैपिटर है। जबकि पत्नी के नाम पर 1 राइफल और 1 रैपिटर है। उनके पास करीब 1 करोड़ रुपये की कृषि भूमि है। 2 करोड़ रुपये का गैर कृषि भूमि है। साथ ही 25 लाख का कॉर्मिशियल बिल्डिंग है। 2 करोड़ की रेजिडेंशियल प्रॉपर्टीज भी हैं। इस साल बृजभूषण सिंह के जन्मदिन पर उनके एक समर्थक ने ढाई करोड़ रुपये का घोड़ा गिफ्ट किया था। यह घोड़ा लंदन से गोंडा लाया गया था। इसके अलावा पंजाब से आए एक समर्थक ने भी उनको डेढ़ करोड़ रुपये का घोड़ा उपहार में दिया है। बृजभूषण के आवास पर अस्तबल और गोशाला बना हुआ है। वह यहां रोज सुबह-शाम गायों और घोड़ों की सेवा में समय बिताते हैं।

# गाजियाबाद में लड़की को कार से उठा ले गए 'मुजाहिद और सलीम'; किडनैप के बाद गैंगरेप

( यंग भारत न्यूज )

इलाके में किडनैप कर एक लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की वारदात सामने आई है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी आपस में मुजाहिद और सलीम नाम ले रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपियों ने लड़की को 27 जुलाई की शाम को किडनैप किया था। पीड़िता अगले दिन 28 जुलाई की रात को घर लौटी थी। मसूरी क्षेत्र में ही एक अन्य वारदात में छात्रा से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म की कोशिश की घटना सामने आई है। प्राप्त जानकारी के मुताबिक, मसूरी इलाके में अंडरपास के पास किशोरी को किडनैप किया गया। दो आरोपी लड़की को किडनैप कर सुनसान इलाके में ले गए और वहां सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। परिजनों की ओर से मसूरी थाने में केस दर्ज कराया गया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि दोनों आरोपी आपस में एक दूसरे को मुजाहिद और सलीम कह कर पुकार रहे थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।



पीड़िता के परिवार की महिला ने बताया कि उन्होंने बुलंदशहर की रहने वाली लड़की को देखरेख के लिए अपने पास रखा है। परिजन लड़की का पालन पोषण बेटी की तरह करते हैं। परिजनों का कहना है कि 27 जुलाई की शाम को करीब चार बजे पीड़िता अचानक गायब हो गई थी। काफी तलाश के बाद उसका कुछ भी पता नहीं चला था। अगले दिन 28 जुलाई की रात पीड़िता घर लौटी और परिजनों को आपबीती बताई। पीड़िता ने बताया कि वह मसूरी अंडरपास के आगे खड़ी थी इसी दौरान एक कार आई और उसमें सवार दो लोग उसको बैठाकर ले गए। आरोपी इधर-उधर घूमाते रहे। इसके बाद उसे सुनसान इलाके में ले गए। आरोपियों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने आरोपियों को पकड़कर उनके खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मसूरी क्षेत्र में ही एक छात्रा से छेड़छाड़ कर दुष्कर्म के प्रयास की अन्य वारदात भी सामने आई है। छात्रा के पिता ने शिकायत देकर बताया है कि उनकी 17 वर्षीय बेटी कोचिंग के लिए जाती है। नाहल का रहने वाला शाकिब और उसके दोस्त समीर, सल्लू उनकी बेटी पर गलत नजर रखते हैं और आते जाते पीछा कर छेड़छाड़ कर परेशान करते हैं। 21 जुलाई को रोजाना की तरह उनकी बेटी कोचिंग के लिए गई थी। मसूरी बिजली घर के पास से शाकिब, सल्लू और समीर उनकी बेटी को वर्धा एन्क्लेव में एक खाली मकान में ले गए और बेटी के साथ गलत काम करने का प्रयास किया। इसी दौरान सचिन और कपिल भी वहां पहुंच गए।

# 'मेरे लिए मर चुकी हो...' पत्नी के जीते जी कराया पिंडदान, वीडियो वायरल होने के बाद फिरोजाबाद में मचा हड़कंप

( यंग भारत न्यूज )

प्रदेश के फिरोजाबाद से रिश्तों को झकझोर देने वाला एक मामला सामने आया है. यहां एक पति ने अपनी ही पत्नी का जीते-जी पिंडदान कर दिया और उसका वीडियो व्हाट्सएप स्टेटस पर भी लगा दिया. इतना ही नहीं, पत्नी के विरोध करने पर उसने साफ कह दिया कि 'तुम मेरे लिए मर चुकी हो.' इस घटना के बाद पीड़िता ने पति और ससुराल पक्ष पर प्रताड़ना, मारपीट और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए पुलिस से सुरक्षा और एफआईआर की मांग की है. फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी है.



मामला फिरोजाबाद के थाना लाइनपार क्षेत्र का है. पीड़िता दीपा स्वर्णकार का आरोप है कि 2 अगस्त को उसके पति जितेंद्र प्रकाश ने उसका जीते-जी पिंडदान करने का वीडियो बनाकर व्हाट्सएप स्टेटस पर पोस्ट कर दिया. जब उसने इस पर आपत्ति जताई तो पति ने कहा कि वह उसके लिए मर चुकी है और अब उसके साथ कोई रिश्ता नहीं रखना चाहता. इस घटना के बाद दीपा ने थाना लाइनपार पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर अपने पति और ससुराल पक्ष के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है. दीपा स्वर्णकार ने बताया कि उसकी शादी 26 अगस्त 2014 को नगला विष्णु निवासी जितेंद्र प्रकाश से हुई थी. शादी के बाद से ही पति, सास मंजू वर्मा, ननद शालनी और देवर नकुल लगातार मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित करते रहे. पीड़िता का कहना है कि 30 जुलाई को भी उसके साथ मारपीट की गई. हालात इतने खराब हो गए कि अपनी जान बचाने के लिए उसे कमरे में छिपना पड़ा. दीपा का कहना है कि पति ने कई बार उसे जान से मारने की धमकी भी दी है. उसके मुताबिक इन धमकियों की ऑडियो रिकॉर्डिंग भी उसके पास मौजूद है, जिसे वह जांच के दौरान पुलिस को उपलब्ध करा सकती है. पीड़िता ने बताया कि उसके दो छोटे बच्चे हैं. इस पूरे घटनाक्रम का असर बच्चों पर भी पड़ा है और पूरा परिवार मानसिक तनाव से गुजर रहा है. उसने पुलिस से मांग की है कि आरोपियों के खिलाफ जल्द एफआईआर दर्ज कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए और उसे सुरक्षा भी दी जाए.

पुलिस ने शुरू की जांच

अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रवि शंकर प्रसाद ने बताया कि महिला की शिकायत प्राप्त हो गई है. मामले की जांच शुरू कर दी गई है. जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी.

# चीखती रही बेटी...सोता रहा सिस्टमः चलती कार में 7 घंटे तक दरिंदगी, 10वीं की छात्रा को अगवा कर गाजियाबाद एनएच-9 पर फेंका

( यंग भारत न्यूज )

**गाजियाबाद।** प्रदेश के गाजियाबाद जिले से मानवता को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है. मसूरी थाना क्षेत्र में 10वीं कक्षा की 16 वर्षीय छात्रा को दो आरोपियों ने अगवा कर चलती कार में कथित रूप से सामूहिक दुष्कर्म किया.

पीड़िता के मुताबिक आरोपी उसे करीब सात घंटे तक शहर की सड़कों पर घुमाते रहे. विरोध करने पर जान से मारने की धमकी दी गई. देर रात उसे एनएच-9 के किनारे फेंककर आरोपी फरार हो गए. अगले दिन राहगीरों की मदद से वह किसी तरह अपने घर पहुंची. पीड़िता की मां की शिकायत के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट, सामूहिक दुष्कर्म समेत अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया. पुलिस ने पिलखुवा के आजमपुर दहपा गांव निवासी मुजाहिद (45) और सलीम अख्तर (48) को गिरफ्तार कर लिया है. दोनों आरोपी दोस्त हैं और ईंट-भट्ठे का कारोबार करते हैं. पुलिस के अनुसार मुजाहिद पहले से हिस्ट्रीशीटर भी है. परिजनों के मुताबिक 27 जुलाई की शाम छात्रा किसी काम से घर से निकली थी. शाम करीब साढ़े सात बजे वह मसूरी थाने के पास एनएच-9 की सर्विस रोड पर वाहन का इंतजार कर रही थी. इसी दौरान कार सवार आरोपियों ने उसे जबरन कार में बैठा लिया और अगवा कर लिया. पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसने लगातार विरोध किया और मदद के लिए चीखती रही, लेकिन आरोपियों ने उसे धमकाते हुए चुप करा दिया. कार के शीशों पर सन शेड लगे होने के कारण बाहर से अंदर कुछ दिखाई नहीं देता था. छात्रा का कहना है कि उसने कई बार छोड़ने की गुहार लगाई, लेकिन आरोपी लगातार उसके साथ दरिंदगी करते रहे. पीड़िता के अनुसार आरोपी रास्ते में एक मेडिकल स्टोर पर भी रुके और कुछ दवाएं खरीदीं. इसी दौरान उसने कार से निकलने की कोशिश की, लेकिन आरोपी उसे दोबारा काबू में कर ले गए. बाद में वे उसे एक सुनसान फार्म हाउस में भी ले गए, जहां गार्ड ने गेट खोला. कुछ देर रुकने के बाद आरोपी फिर उसे कार में बैठाकर निकल गए. पुलिस के अनुसार कार नंबर और मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया. पूछताछ में उन्होंने अपराध स्वीकार कर लिया. दोनों शादीशुदा हैं. पुलिस का कहना है कि वारदात के बाद आरोपी अपने-अपने घर चले गए और आराम से सो गए. घटना में इस्तेमाल की गई कार भी बरामद कर ली गई है. पीड़िता की मां ने बताया कि उन्होंने छात्रा को गोद लिया था.



उन्होंने आरोपियों के लिए फांसी जैसी कठोर सजा की मांग करते हुए कहा कि ऐसी घटनाओं पर सख्त कार्रवाई ही भविष्य में अपराध रोक सकती है. इस मामले ने पुलिस व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं. पीड़िता का कहना है कि आरोपी दो बार मसूरी थाने के सामने से कार लेकर गुजरे. रास्ते में पुलिस वाहन, चौकियां और पुलिसकर्मी भी दिखाई दिए, लेकिन किसी ने कार को नहीं रोका. यदि समय रहते पुलिस सतर्क होती तो शायद छात्रा को इतनी लंबी यातना नहीं झेलनी पड़ती. पीड़िता की मां का आरोप है कि उन्होंने 28 जुलाई को थाने में शिकायत दी थी, लेकिन एफआईआर दर्ज करने में चार दिन लगा दिए गए. उनका यह भी आरोप है कि मेडिकल जांच भी समय पर नहीं कराई गई. हालांकि पुलिस का कहना है कि शुरुआती जांच में कुछ तथ्य स्पष्ट नहीं थे, इसलिए सत्यापन के बाद मुकदमा दर्ज किया गया. पीड़िता की मां ने मांग की है कि जिस फार्म हाउस में आरोपी छात्रा को लेकर गए थे, वहां के गार्ड और मालिक से भी गहन पूछताछ की जाए. उनका कहना है कि गार्ड ने गेट खोला था, इसलिए उसकी भूमिका की भी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए. फिलहाल पुलिस इस पहलू की भी जांच कर रही है. यह घटना न केवल महिलाओं की सुरक्षा बल्कि पुलिस की सक्रियता और कानून-व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर भी गंभीर सवाल खड़े करती है.

# संस्कारों की थाती को संजोकर रखना हैः प्रो सच्चिदानन्द जोशी

## -हिंदी विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** प्रख्यात साहित्यकार और शिक्षाविद प्रो. सच्चिदानंद जोशी ने कहा कि हमें अपनी परंपरा, संस्कार और संस्कृति को बिना किसी न्यूनता बोध या संकोच के आगे बढ़ाना चाहिए। हमें अपने संस्कारों की थाती को संजोकर रखना है तभी भारतीय ज्ञान परंपरा आगे बढ़ेगी। उन्होंने उक्त विचार बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी एवं राष्ट्र कवि मैथिलीशरण गुप्त सम्मान समारोह के उद्घाटन सत्र में व्यक्त किए।

प्रो जोशी ने कहा कि जो राष्ट्र अपने महापुरुषों का सम्मान नहीं कर सकता उसे आगे बढ़ने के लिए प्रेरणा कैसे मिलेगी। प्रो. जोशी ने तमसो मा ज्योतिर्गमय मंत्र से अपने उद्बोधन का श्रीगणेश किया। उन्होंने सवाल पूछा कि क्या मैथिलीशरण गुप्त शेक्सपियर, टालस्टाय,मोजार्ट आदि से किसी मायने में कम हैं। उन्होंने कहा कि जब हम बाहर जाते हैं तो वहां के महापुरुषों का गांव देखते हैं टिकट लेकर। उन्होंने कहा कि सभी विद्यार्थियों को मैथिलीशरण गुप्त की नगरी चिरगांव का अवलोकन करना चाहिए। यही नहीं सभी मिलकर उसे वैश्विक स्तर पर महत्वपूर्ण पहचान दिलाने का संकल्प भी लें। प्रो जोशी ने बताया कि मेरे बचपन का बड़ा-सा हिस्सा बुंदेलखंड में बीता है। ऐसे में इसकी विशिष्टताओं से परिचित हूं। उन्होंने कहा कि ज्ञान परंपरा के अवयव विकास में भी अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने सांस्कृतिक परिवेश की ऊष्मा को भी ज्ञान परंपरा का अवयव बताया। उन्होंने कहा कि नानी,दादी की कहानियां भी ज्ञान परंपरा का अंश है। उन्होंने गुप्त जी की भारत भारती का जिक्र करते हुए कहा कि जो चिंता उसमें व्यक्त की गई वो आज के समाज की भी है। उन्होंने कहा कि हमें ध्यान रखना होगा कि डिजिटल तकनीक के कारण हमारी रचनाधर्मिता तो खतरे में नहीं पड़ रही है। हमें सत्यता और परिवेश के मूल तत्व को बांधकर रखना होगा। जड़ों से जुड़कर रहना है। जड़ों से कटने वाले कहीं के नहीं रह जाते हैं। युवाओं को अपनी ज्ञान परंपरा को सहेजकर आगे बढ़ना है। भारत कैसे आगे बढ़ेगा, इसके उपायों पर भी हमें विचार करना है। भारतीय ज्ञान परंपरा में राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त का प्रदेय विषय पर आयोजित राष्ट्रीय संगोष्ठी मे बुंदेलखंड विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो मुकेश पाण्डेय ने डा. सच्चिदानंद जोशी समेत सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मैथिलीशरण गुप्त की हर कृति में देश प्रेम का संदेश है। वे अद्भुत प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने कहा कि हर विद्यार्थी को राष्ट्रकवि की जन्म और कर्मस्थली का अवलोकन करवाया जाए। इससे सभी को उनके बारे में सही जानकारी मिलेगी। युवाओं को सही प्रेरणा भी मिलेगी। प्रो पाण्डेय ने कहा कि युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने के विश्वविद्यालय हरसंभव प्रयास बड़ी शिद्दत से कर रहा है। उन्होंने सभी शिक्षाविदों से उचित मार्गदर्शन की अपेक्षा की। उन्होंने युवाओं के कौशल को बढ़ाने की खातिर बेहतर कदम उठाने का भरोसा दिया। कुलपति प्रो पाण्डेय ने मुख्य अतिथि, सारस्वत अतिथि, विशिष्ट अतिथि को स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सुमित कुमार मिश्रा की पुस्तक नवभारत का न्याय दर्शन का भी लोकार्पण किया गया। प्रो उमापति दीक्षित ने शिवार्चन शिवताण्डव स्तोत्रम सुनाकर अपनी बात की शुरुआत की। पूरा हाल शिव भक्ति से सराबोर हो गया। हर हर महादेव के जयघोष से वातावरण गुंजायमान हो गया। उन्होंने कहा कि किसी आचार्य के विचार को सुनना सौ किताबों के पढ़ने के बराबर है। आचार्य से ज्ञान का सत्व मिलता है। गुप्तजी की रचना नर हो निराश करो मन को का उल्लेख करते हुए कहा कि यह हर व्यक्ति को आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है। जब समस्याएं सुरसा की तरह बढ़ जाएं तो भारतीय ज्ञान परंपरा ही सही राह सुझाती है। उन्होंने कहा कि हर भारतीय को अपनी भाषा पर गर्व होना चाहिए। प्रो दीक्षित ने कहा कि महाभारत काल में जैसी औषधि अब कहां है। वो कौन सी विधि थी कि क्षत विक्षत योद्धा उसके प्रयोग से ठीक हो जाते थे। वो कौन सी तकनीकी थी कि दुर्योधन क्षत विक्षत होकर भी तालाब में छिपा होने के बाद भी बाहर की गतिविधियों से भिज्ञ कैसे था। साहित्यकार अंकित सिद्धांत ने कहा कि भारत भारती ने युवाओं में अभूतपूर्व उत्साह भरा। उन्होंने प्रधानमंत्री के पंच प्रण के आह्वान का भी उल्लेख किया। उन्होंने गुप्तजी की रचना का उल्लेख करते हुए कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा अद्वितीय है, इसका उद्घोष पूरे विश्व के समक्ष तब किया जब देश पराधीन था।

शुरुआत में विभागाध्यक्ष और डीन कला संकाय अधिष्ठाता प्रोफेसर पुनीत बिसारिया ने सभी अतिथियों का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने बताया कि इस संगोष्ठी में आए शोध-पत्रों को एक पत्रिका में प्रकाशित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में आए सभी अतिथियों को पौध भेंटकर स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में डा बीवी त्रिपाठी, प्रोफेसर मुन्ना तिवारी,डा श्रीहरि त्रिपाठी, डा विपिन प्रसाद, डा सुधा दीक्षित, डा प्रेमलता, डा सुनीता, डा कौशल त्रिपाठी,डा राघवेन्द्र दीक्षित, डा अभिषेक कुमार, डा शंभूनाथ घोष, उमेश शुक्ल, डा स्वप्ना सक्सेना, डा द्युतिमालिनी, अतीत विजय समेत अनेक लोग उपस्थित रहे। संचालन डा अचला पाण्डेय ने किया। अंत में डा. श्रीहरि त्रिपाठी ने सभी के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

# आईजीआरएस पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के शत-प्रतिशत निस्तारण में परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी रेंज ने लगातार 07वीं बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

## -जनपद झाँसी एवं जनपद जालौन लगातार 07वीं तथा जनपद ललितपुर ने भी लगातार 2 बार प्राप्त किया प्रथम स्थान

## -रेंज के जनपद प्रभारी प्राथमिकता के आधार पर शिकायतों गुणवत्तापूर्ण / समयबद्ध कराएं विधिक निस्तारण



( यंग भारत न्यूज )

**झांसी।** मुख्यमंत्री उ0प्र0 शासन द्वारा संचालित जनसुनवाई समन्वय शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) में माह जुलाई ,2026 की मासिक मूल्यांकन रिपोर्ट प्राप्त होने पर श्रीमान पुलिस महानिरीक्षक झांसी परिक्षेत्र, झांसी श्री आकाश कुलहरि महोदय के कुशल निर्देशन में आईजीआरएस / समाधान पोर्टल पर माह जुलाई, 2026 में जो शिकायती प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये उनका शासन की मंशानुरूप नियत समय में विधिक निस्तारण किया गया जिससे (आईजीआरएस) पोर्टल पर प्राप्त होने वाली माह- जुलाई 2026 मूल्यांकन रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश के परिक्षेत्रों की रैंकिंग में झांसी परिक्षेत्र ने वर्ष 2026 में लगातार 07वीं बार प्रथम रैंक प्राप्त की है साथ ही रेंज के समस्त जनपदों ने भी प्रथम स्थान प्राप्त किया है जिसकी आईजी महोदय द्वारा सराहना कर उत्साहवर्धन किया गया । आई.जी. महोदय द्वारा प्रभारी आई.जी.आर.एस./ सीसीटीएनएस उ0नि0 श्री राजेश सिंह, रेंज कोर्डिनेटर श्री विमल कुमार श्रीवास्तव, मु0आ0 श्री देवेन्द्र प्रताप सिंह एवं श्रीमती प्रियंका गुप्ता कम्प्यूटर ऑपरेटर ग्रेड-ए को उत्साहवर्धन हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान किये गये। महोदय द्वारा परिक्षेत्र के जनपद प्रभारियों को (आईजीआरएस) प्रणाली से प्राप्त शिकायतों का उच्चकोटि की गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण करने एवं जनसुनवाई के दौरान शिकायतकर्ताओं की समस्याओं को गम्भीरता से सुनकर शासन के मंशानुरूप पूर्ण मनोयोग से उनकी समस्याओं के विधिक निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया है जिससे आमजनमानस में पुलिस की उत्कृष्ट छवि, निष्पक्ष कार्यप्रणाली एवं विश्वसनीयता की भावना बरकरार रहे एवं शिकायतों में निरन्तर कमी हो ।

# नशामुक्त युवा-विकसित भारत के संकल्प को लेकर बरुआसागर के स्कूल-कॉलेजों में जागरूकता अभियान शुरू

( यंग भारत न्यूज )



बरुआसागर । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नशामुक्त एवं विकसित भारत के आह्वान से प्रेरित होकर फिजिकल एजुकेशन सोशल वेलफेयर फाउंडेशन सम्बद्धता उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन द्वारा बरुआसागर झाँसी के स्कूल एवं कॉलेजों में नशामुक्ति जागरूकता अभियान चलाकर विद्यार्थियों को सामूहिक शपथ दिलाई जा रही है।

इसी क्रम में दिनांक 03/08/2026 को पंडित आई डी त्रिपाठी पब्लिक स्कूल में सैकड़ों विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने का संकल्प लिया। फाउंडेशन अध्यक्ष नृपेन्द्र सिंह परिहार ने कहा कि 'नशामुक्त युवा ही विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। हमारा उद्देश्य हर विद्यालय तक नशामुक्ति का संदेश पहुँचाना है। 'जिसका आज शुभारम्भ किया गया. फाउंडेशन द्वारा 1 सितंबर 2026 को 'नशामुक्त युवा-विकसित भारत रन 2026' का आयोजन प्रस्तावित है,जिसमे 1,2,3 किलोमीटर की दौड़ एवं रचनात्मक गतिविधियों मे पेंटिंग,निबंध,भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित होंगी जिसमें लगभग 1000 विद्यार्थी एवं युवा शामिल होंने की सम्भावना हैं 'नशे को ना - खेल को हाँ! 'इस अवसर पर फाउंडेशन उपाध्यक्ष दिनेश मिश्रा अध्यक्ष नृपेंद्र सिंह परिहार देवेंद्र कुशवाहा चंचल विश्वकर्मा स्वाति यादव गुंजन स्कूल प्रधानाचार्या रूबी रावत निदेशक अंकित त्रिपाठी शिक्षकगण मुस्कान अग्रवाल प्रियंका परिहार तान्या झा दीपमाला पिपरिया मनीष रजक मानवी अग्रवाल योगेंद्र अशोक आदि लोग उपस्थित रहे

# समरसता का भाव उत्पन्न करता है वनविहार कार्यक्रम - खण्ड संघचालक

( यंग भारत न्यूज )



**तालबेहट।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तालबेहट के बिजरौठा मण्डल का वनविहार कार्यक्रम ग्राम ककराडी में सम्पन्न हुआ इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ तालबेहट खण्ड के संघचालक भगवत नारायण पटैरिया ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि वनविहार संघ की शाखा पद्धति का एक महत्वपूर्ण अंग है वर्ष में एक या दो बार सभी स्वयंसेवक मिलकर जंगल या खुले मैदान में बिताते हैं। अलग-अलग उम्र, पेशे के स्वयंसेवक एक साथ रहते हैं हम सब एक हैं की भावना पक्की होती है। वनविहार कार्यक्रम से पुराने कार्यकर्ताओं से मिलने का मौका मिलता है रोज की दिनचर्या से हटकर एक दिन का यह कार्यक्रम पूरे वर्ष काम करने की ऊर्जा देता है।

इस अवसर पर विभाग प्रचार प्रमुख मनोज टाटा, सहखण्डकार्यवाह कृष्ण मूर्ति बबेले, खण्ड शारीरिक प्रमुख दीपक बबेले,रामजीवन, रौनक कौशिक, खण्ड प्रचार प्रमुख रिषभ कौशिक, हिमांशु विश्वकर्मा, सन्देश कौशिक,राहुल उपाध्याय, खण्ड प्रचारक राज जी, पंकज कौशिक,अभय कौशिक,अभिनय,सोनू कौशिक, हार्दिक कौशिक, सतेन्द्र तोमर,आमोद कौशिक, विपिन, रामकुमार, जितेंद्र,श्याम चतुर्वेदी,रिंकू पस्तोर आदि स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री फसल बीमा की अंतिम तिथि 31 अगस्त तक बढ़ाई जाए, कृषि मंत्री से मिले विधायक जवाहर लाल राजपूत

## -तकनीकी कारणों से पोर्टल पर फसलों का बीमा नहीं करा सके किसान

## -कैबिनेट की बैठक में आएगा प्रस्ताव, मंत्री ने दिया आश्वासन

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** गरौठा विधायक जवाहर लाल राजपूत ने सोमवार को उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही से मुलाकात कर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत फसल बीमा प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 31 अगस्त, 2026 किए जाने की मांग उठाई। इस संबंध में उन्होंने कृषि मंत्री को एक पत्र भी सौंपा। विधायक के पत्र पर कृषि मंत्री ने कहा कि इस प्रस्ताव को मंगलवार को होने वाली कैबिनेट की बैठक में लाया जायेगा.

विधायक ने मंत्री को सौंपे पत्र में बताया कि जनपद झांसी के हजारों किसान तकनीकी कारणों एवं पोर्टल के समय पर सुचारु रूप से संचालित न होने के कारण प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ लेने से वंचित रह गए हैं। पोर्टल पर आई तकनीकी समस्याओं के चलते अनेक किसान निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी फसलों का बीमा नहीं करा सके। उन्होंने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि बीमा कंपनी से जुड़ी औपचारिकताओं में विलंब होने के कारण बैंकों एवं निजी एजेंसियों के माध्यम से भी किसानों का बीमा नहीं हो पाया। जबकि वर्तमान में खरीफ सीजन में धान की रोपाई के साथ-साथ तिल, उड़द, मूंग, मूंगफली, ज्वार, मक्का और अरहर जैसी फसलों की बुवाई का कार्य जारी है। विधायक जवाहर लाल राजपूत ने कृषि मंत्री से आग्रह किया कि किसानों के व्यापक हितों को देखते हुए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम जमा करने की अंतिम तिथि 31 अगस्त, 2026 तक बढ़ाई जाए, ताकि झांसी सहित प्रदेश के लाखों किसान अपनी फसलों का बीमा कराकर योजना का लाभ प्राप्त कर सकें।

# भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने एरच क्षेत्र की समस्याओं को लेकर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप पटेल ने लखनऊ मे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी से मुलाकात कर बिभिन्न समस्यों से अवगत कराया बुन्देलखण्ड के झांसी जिले में डिफेंस कॉरिडोर की स्थापना से इस क्षेत्र का चहुंमुखी विकास होना सुनिश्चित हुआ है, इस हेतु केन्द्र व राज्य सरकार का हार्दिक आभार !

महोदय वर्तमान समय में यहां डिफेंस कॉरिडोर के लिए द्वितीय चरण में भूमि का अधिग्रहण किया जाना है उसका सर्किल रेट बहुत कम है और जमीन अधिक उपजाऊ है इस संदर्भ में संलग्न श्री अमित चौरसिया जिला उपाध्यक्ष भाजपा झांसी जिला के पत्र का अवलोकन करने का कष्ट करें ! पत्र में इन्होंने अवगत कराया है कि डिफेंस कॉरिडोर के लिए द्वितीय चरण में गरौठा तहसील के ग्राम इसकिल, झबरा, गोंती आदि ग्रामों की भूमि का अधिग्रहण किया जाना है उसका सर्किल रेट बहुत कम है और जमीन अधिक उपजाऊ है ! पत्र में इन्होंने उक्त भूमि के सर्किल रेट बढ़ाने का अनुरोध किया है !इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष अमित चौरसिया भी उपस्थित रहे।

# दतिया उप चुनाव में कांग्रेस की जीत पर खुशी जताई

( यंग भारत न्यूज )



**झांसी** ।दतिया मध्य प्रदेश मे हुए उप चुनाव मे कांग्रेस पार्टी के लोकप्रिय पूर्व विधायक कुँवर धनश्याम सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी आशुतोष तिवारी को पन्द्रहवे राउण्ड मे 6059 मतौ से हरा दिया,दतिया के विधान सभा के उप चुनाव मे मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमन्त्री दिग्विजय सिंह के नेतृत्व मे झाँसी से कांग्रेस पार्टी के बरिष्ठ नेता पूर्व प्रवक्ता बुंदेलखंड क्षेत्र कांग्रेस पार्टी राजेन्द्र शर्मा एडवोकेट ने अपने साथियौ के साथ लगातार जनसंपर्क करके कांग्रेस प्रत्याशी धनश्याम सिंह जी को विजयी बनाने मे अपना सहयोग किया,विजयी होने पर उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दी,मतगणना के दौरान एक बात जो प्रमुख रही बह यह है कि प्रथम दो दतिया मे कांग्रेस पार्टी के विजयी प्रत्याशी धनश्याम सिंह जी के साथ मे, मे कांग्रेस प्रत्याशी के भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी से पीछे रहने के बाद तीसरे राउन्ड से कुँवर धनश्याम सिंह ने लगातार पन्द्रहवे राउण्ड तक बढत बनाये रखी,

मालिक.मुद्रक, प्रकाशक, संपादक संजय श्रीवास्तव द्वारा सेलेक्ट ऑफसेट पता 17, सरकपुर सरैया, छठामील, बी०के०टी० लखनऊ उ0प्र0.226201, लखनऊ से मुद्रित एवं 20 कृष्णा नगर उरई जालौन से प्रकाशित प्रधान संपादक संजय श्रीवास्तव फोन न. +919415055318
(पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिमेदार सभी विवादों का न्याय क्षेत्र उरई जालौन न्यायालय के अधीन होगा। निदेशक अनिल शर्मा, प्रबंध संपादक इं० शिवम श्रीवास्तव RNI NO UPHIN/2011/39718